INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-208 | सांध्य दैनिक | मथुरा, मंगलवार, 22 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# मिट्टी के हुनर से विदेश तक पहुंचेगी मथुरा की पहचान

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में राधे-कृष्ण समूह के उत्पाद सजेंगे

## मिट्टी के बर्तन और सजावटी सामान को मिलेगा बड़ा बाजार


यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए तैयार किए गए उत्पादों के साथ समूह की सदस्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 25 से 29 सितंबर तक गौतमबुद्धनगर में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में मथुरा जिले के ग्रामीण महिलाओं के हुनर की झलक दिखाई देगी। ट्रेड शो में विकासखंड नंदगांव के ग्राम कमई की राधे कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से तैयार मिट्टी के बर्तनों और सजावटी सामान का प्रदर्शन किया जाएगा। समूह के उत्पादों के जरिए ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देने के साथ स्थानीय हस्तशिल्प को बड़े बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष ट्रेड शो में 80 देशों के उद्यमी प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रदेश के विभिन्न विभाग भी अपने उत्पादों और उद्यमों के साथ इसमें शामिल होंगे। ऐसे में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदारों तथा उद्यमियों के सामने रखने का अवसर मिलेगा। राधे कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मिट्टी से फूलदान, बर्तन और विभिन्न प्रकार के सजावटी सामान तैयार कर रही हैं। समूह की सदस्य ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उन्हें घर के पास रोजगार का अवसर मिला है।

### ट्रेड शो में मिलेगा मंच, मिलेगी बड़ी पहचान

सीडीओ डा. पूजा गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। समूहों के उत्पादों को सरस मेले जैसे आयोजनों में प्रदर्शित करने के बाद अब यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भी मंच मिलेगा। इससे स्थानीय उत्पादों की पहचान बढ़ने की उम्मीद है।

इससे वह अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों में सहयोग कर पा रही हैं। महिलाओं का कहना है कि उनके हाथों से तैयार उत्पाद अब स्थानीय स्तर से निकलकर बड़े बाजार तक पहुंच रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

डीसी एनआरएलएम इंद्रपाल सिंह ने बताया कि ट्रेड शो में समूह के उत्पादों के ई-सरस मार्केटिंग, ओएनडीसी और अन्य विपणन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार की संभावनाएं बनेंगी। इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों को देश-विदेश के बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# ऑपरेशन मुस्कान ने लौटाईं 20 बच्चों की खुशियां

## तीन माह में जीआरपी ने लापता और बिछड़े बच्चों को परिवारों से मिलाया

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत पिछले तीन माह में मथुरा जंक्शन और ट्रेनों से लापता एवं परिवार से बिछड़े 20 बच्चों को बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया है। इनमें आठ वर्ष और उससे कम उम्र के बच्चे भी शामिल हैं। बच्चों के सकुशल मिलने पर परिवारों में खुशी लौट आई। परिजनों ने जीआरपी की कार्रवाई की सराहना की।

थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्चों से जुड़ी सूचनाओं को गंभीरता से लिया जाता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बच्चे की तलाश में जुट जाती है। मथुरा जंक्शन और ट्रेनों में लगातार निगरानी के साथ बच्चों की तलाश की जाती है।

पुलिस के अनुसार, पिछले तीन माह में बरामद किए गए बच्चों में टीकमगढ़ राजस्थान का एक, मथुरा का एक, मध्य प्रदेश का एक, फरीदाबाद हरियाणा के चार, नरोरा के चार, जलेसर की एक बच्ची, मथुरा का एक अन्य बच्चा, गाजियाबाद का एक, रोहतक का एक, प्रतापपुरा राजस्थान की एक बच्ची, अलीगढ़ की एक बच्ची और एक बच्चा, सीकर राजस्थान का एक बच्चा शामिल है। बरामदगी के बाद सभी को उनके परिवारों के सुपुर्द किया गया।

सितंबर में भी जीआरपी की तलाश जारी रही। मंगलवार को ही टीकमगढ़ के तीन बच्चों को पुलिस ने बरामद कर उनके परिजनों को सूचना दी। इससे पहले गाजियाबाद और मध्य प्रदेश के दो बच्चों को भी बरामद कर परिवारों को सौंपा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बच्चों की तलाश में रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि परिवार से बिछड़े बच्चों को जल्द से जल्द सुरक्षित उनके घर पहुंचाया जा सके।


### निसंतान और विधवा महिलाओं को फंसाकर शोषण का आरोप

# महिलाओं ने साधु वेशधारी की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

## वीडियो से ब्लैकमेलिंग का भी दावा

## चित्तौड़गढ़ में दर्ज रिपोर्ट के बाद वृंदावन बुलाकर पकड़ा, पुलिस जांच में जुटी

**यूनिक समय, मथुरा।** निसंतान और विधवा महिलाओं को कथित रूप से अलग-अलग नामों से अपने जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में एक साधु वेशधारी की वृंदावन के एक गेस्टहाउस में महिलाओं ने जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर वृंदावन कोतवाली ले गई। एक महिला ने उसके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बताया गया कि सवाई माधोपुर, राजस्थान निवासी हिम्मत गिरी उर्फ हेमंत मीणा पर आरोप है कि वह विभिन्न स्थानों पर घूमकर खुद को साधु बताता था। आरोप है कि वह निसंतान और विधवा महिलाओं को कथित तंत्र-मंत्र के जरिए अपने जाल में फंसाता और उनका शारीरिक शोषण करता था। एक महिला की मुलाकात उससे चित्तौड़गढ़ स्थित एक देवी मंदिर में हुई थी। महिला का आरोप है कि वहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए और विरोध करने पर मारपीट की गई।

महिला ने इस संबंध में चित्तौड़गढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद आरोपी वहां से गायब हो गया। बताया गया कि वह फेसबुक के माध्यम से कई लोगों के संपर्क में था। पीड़िता ने विश्व हिंदू परिषद के कुछ नेताओं के साथ मिलकर उसे पकड़ने की योजना बनाई और उसे मथुरा बुलाया गया। आरोप है कि वृंदावन के गेस्टहाउस में पहुंचने के बाद पीड़िता समेत अन्य महिलाएं कमरे में पहुंच गईं और उसकी पिटाई कर दी। इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस आरोपी को कोतवाली ले गई। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

## विवाहिता से मारपीट फरह में पति समेत पांच पर रिपोर्ट


**यूनिक समय, फरह।** विवाहिता को कथित रूप से बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा ओल निवासी शहीद ने 21 सितंबर को दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी बेटी नसीम का विवाह वर्ष 2011 में कोसीकलां क्षेत्र के इकबाल से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति शराब पीकर बेटी के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न करता था। 10 सितंबर को पति इकबाल, सास रहीसा और अन्य परिजनों ने नसीम को घर में बंद कर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से पीटा। आरोप है कि हमले में उसके दोनों पैर और एक हाथ में गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उसके तीन ऑपरेशन कराए गए। पुलिस ने पति इकबाल, रहीसा, वकील, साहू और चमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक दिन के लिए निजी वाहनों से दूरी बनाएं

# कार छोड़िए, खुली हवा के लिए साइकिल पकड़िए

**यूनिक समय, मथुरा।** बढ़ते वायु प्रदूषण और शहर में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के बीच 'नो कार डे' के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाया जा रहा है। एमडी मेडिसिन डॉ. अनिल चौहान ने शहरवासियों से एक दिन निजी कार का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जरूरी आवागमन के लिए साइकिल, पैदल चलने अथवा सार्वजनिक परिवहन का विकल्प अपनाया जा सकता है।

डॉ. चौहान ने कहा कि 'नो कार डे' केवल एक दिन निजी वाहन छोड़ने की पहल नहीं है, बल्कि स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को अपनी रोजमर्रा की आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे। निजी वाहनों की संख्या कम होने से वाहनों से निकलने वाले धुएं में कमी लाने में मदद मिल सकती है।


डॉ. अनिल चौहान

## डॉ. अनिल चौहान बोले- जनभागीदारी से ही प्रदूषण पर लग सकेगी प्रभावी रोक

उन्होंने कहा कि सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से वायु प्रदूषण के साथ यातायात का दबाव भी बढ़ता है। ऐसे में छोटी दूरी के लिए पैदल चलना या साइकिल का इस्तेमाल करना स्वास्थ्य और पर्यावरण, दोनों के लिए उपयोगी हो सकता है। वहीं, सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल से ईंधन की खपत और निजी वाहनों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है।


डॉ. अनिल चौहान ने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वयं इस पहल का हिस्सा बनें। परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है।

स्वच्छ हवा और स्वस्थ शहर के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। सामूहिक प्रयासों से ही प्रदूषण कम करने की दिशा में स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें


38 घंटे टावर पर बैठा बर्खास्त कर्मी
पेज-12 पर


वंदे मातरम् के छह अंतरों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई
पेज-11 पर


अनंत चतुर्दशी पर केले और गेहूं से करें विष्णु की पूजा
पेज-07 पर

# डीएलएड परीक्षा में दिखा 'ऑल इंडिया' रंग


मंगलवार को सेठ बीएन पोद्दार इंटर कालेज से निकलते अभ्यर्थी।

## दूसरे दिन बिहार राजस्थान और हरियाणा से पहुंचे अभ्यर्थी

## पेपर देकर निकले तो किसी के चेहरे पर खुशी तो किसी पर मायूसी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में चल रही डीएलएड परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को परीक्षा केंद्र सेठ बीएन पोद्दार पर अभ्यर्थियों की भीड़ के साथ अलग–अलग राज्यों का रंग भी नजर आया। बिहार, राजस्थान और हरियाणा समेत दूसरे राज्यों से आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। पेपर खत्म होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरों पर परीक्षा का असर साफ दिखाई दिया। कोई मुस्कुराते हुए साथियों से प्रश्नों के जवाब मिलाता नजर आया तो कोई कठिन सवालों को लेकर चर्चा करता दिखा। दूसरे राज्यों से मथुरा आकर डीएलएड कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि शिक्षक बनने की चाहत उन्हें यहां तक लेकर आई है। पटना से आए साहिब अकरम ने बताया कि बीए करने के बाद उन्होंने डीएलएड में प्रवेश लिया। वह बिहार से मथुरा आकर इसकी पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पेपर अच्छे हो रहे हैं। शिक्षक बनने के लक्ष्य को लेकर वह डीएलएड की पढ़ाई कर रहे हैं और परीक्षा में भी पूरी तैयारी की है।


अमरजीत भूमिका साहिब अकरम

वृंदावन की भूमिका ने बताया कि बीबीए करने के बाद उन्होंने बीटीसी यानी डीएलएड किया है। उनके मन में शिक्षक बनने की इच्छा थी, इसलिए बीबीए के बाद उन्होंने डीएलएड को चुना। उन्होंने कहा कि पेपर बहुत अच्छा हुआ। परीक्षा देकर बाहर निकलने के बाद वह काफी संतुष्ट नजर आईं।


बिहार से आए अमरजीत ने बताया कि एमएससी करने के बाद उन्होंने डीएलएड में प्रवेश लिया। उन्होंने कहा कि बिहार में यह डिप्लोमा काफी महंगा है, इसलिए उन्होंने मथुरा से डीएलएड करने के लिए फार्म भरा। मथुरा आकर पढ़ाई करने का निर्णय बहुत ही सुविधाजनक रहा। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी अच्छी थी और पेपर भी उम्मीद के मुताबिक हुआ।




# अनंत शर्मा समेत 131 छात्र राष्ट्रीय फाइनलिस्ट में हुए शामिल

**यूनिक समय, मथुरा।** केआर पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग में प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्यरत प्रवेश कुमार शर्मा के बेटे अनंत शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया क्रिटिकल थिंकिंग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 19 सितंबर को नई दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अनंत शर्मा और ध्रुव सिसोदिया ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता में देशभर से 10,06,922 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें दोनों छात्र 131 राष्ट्रीय फाइनलिस्ट में शामिल रहे। अनंत शर्मा कक्षा चार के छात्र हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## प्रयोगशाला सहायक के बेटे ने जीता टाइम्स क्रिटिकल थिंकिंग चैंपियनशिप पुरस्कार

# जायंट्स वेस्ट ने लगाया आंख-दांत परीक्षण शिविर


कार्यक्रम में मौजूद जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट के पदाधिकारी।

## सेवा सप्ताह के छठवें दिन उप्पल नर्सिंग होम में हुआ आयोजन

## चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श देकर दवाएं भी वितरित कीं

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट की ओर से सेवा सप्ताह के छठवें दिन कृष्णा नगर स्थित उप्पल नर्सिंग होम में आंखों-दांतों का परीक्षण शिविर लगाया गया। अध्यक्षता दिनेशचंद्र अग्रवाल ने की। डॉ. विशाल उप्पल ने आंखों और डॉ. जयति उप्पल ने दांतों के सैकड़ों मरीजों का परीक्षण कर उचित परामर्श दिया और दवाओं का वितरण किया।

कार्यक्रम में अतिथि डॉ. आरके उप्पल का दिनेशचंद्र अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह और प्रशासनिक निदेशक संजीव जैन ने अभिनंदन किया। डॉ. विशाल उप्पल को बृजेश सिंघल ने स्मृति चिन्ह, कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र अग्रवाल ने पटुका पहनाया। डॉ. बीना उप्पल का अर्चना अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह, बबिता जैन ने पटुका पहनाकर और डॉ. जयति उप्पल का संगीता सिंघल ने स्मृति चिन्ह, रेनू चावला ने पटुका पहनाकर स्वागत किया।

# दंत जांच शिविर में स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक


शिविर में मौजूद जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा की पदाधिकारी।

## महोली रोड पर आयोजित शिविर में लोगों की जांच कर दिया परामर्श

## संस्था के पदाधिकारियों ने नियमित दंत जांच और स्वच्छता पर दिया जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा की ओर से सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को महोली रोड स्थित एक होटल के पास दांतों की जांच-स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. रिया ने लोगों के दांतों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही नियमित दंत जांच, मसूड़ों की देखभाल और दांतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

संस्था का उद्देश्य लोगों को दांतों से संबंधित समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर में संस्था के सदस्यों-पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में श्वेता बंसल, निशा बिंदल, अंजना गुप्ता, राधा भारद्वाज, मोना गोयल, सिम्मी अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, आशा ऋषि, नीना अग्रवाल, भारतीय अग्रवाल, अनिता बंसल, प्रियंका खंडेलवाल और गीता अग्रवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। चार्टर्ड प्रेसिडेंट मीरा अग्रवाल, सेक्रेटरी मीनाल बंसल, कोषाध्यक्ष बबीता गर्ग ने कहा कि स्वस्थ दांत स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं।

# मथुरा के आयुष गर्ग का मिशन आमजन तक पहुंचे एआई

## नासा, जी–20 और संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर रखे एआई विचार

## युवा, विद्यार्थी और आम नागरिक बनें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जानकार

**यूनिक समय, मथुरा।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा लगातार बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में इसके बढ़ते इस्तेमाल के बीच मथुरा के आयुष गर्ग एआई को आम लोगों तक पहुंचाने की मुहिम में जुटे हैं। उनका प्रयास है कि एआई की जानकारी केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थी, युवा, शिक्षक और आम नागरिक भी इसके उपयोग और जिम्मेदार इस्तेमाल को समझें।

मथुरा में जन्मे आयुष गर्ग ग्लोबल यूथ एआई एडवाइजरी बॉडी के अध्यक्ष और दिल्ली स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संस्थापक हैं। उनका वैश्विक समूह करीब 50 देशों के एआई विशेषज्ञों से जुड़ा है। आयुष नासा, जी–20, संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ और ब्रिक्स जैसे राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एआई से जुड़े विषयों पर अपने विचार रख चुके हैं। वह युवाओं को एआई का प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न संस्थानों के साथ भी काम कर रहे हैं।

रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान के लिए उन्हें रक्षा मंत्रालय की ओर से स्वर्ण पदक मिल चुका है। समुद्री सुरक्षा और पनडुब्बी पहचान से जुड़े उनके शोध को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। अफगानिस्तान की छात्राओं को एआई शिक्षा से जोड़ने की पहल को जर्मनी स्थित हेग पीस पैलेस से सराहना मिली।



आयुष गर्ग का कार्य एआई तकनीक के विकास के साथ उसके सामाजिक प्रभाव पर भी केंद्रित है। उनके नेतृत्व वाले वैश्विक युवा समूह ने एआई के जिम्मेदार इस्तेमाल को लेकर आचार संहिता तैयार की, जिसे सितंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र के भविष्य शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत किया गया।

आयुष का कहना है कि एआई शिक्षा को विद्यालयों और युवाओं तक पहुंचाना समय की जरूरत है। छोटे शहरों, महिलाओं और आम नागरिकों को भी इसका प्रशिक्षण मिलना चाहिए, ताकि तकनीक का लाभ व्यापक स्तर तक पहुंचे। साथ ही गोपनीयता, पारदर्शिता, नैतिकता और जिम्मेदार उपयोग की समझ विकसित करना भी जरूरी है।

# अग्रसेन जयंती शोभायात्रा के लिए 18 राजकुमार चयनित

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल सभा (रजि.) की ओर से अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 के तहत 12 अक्टूबर को निकलने वाली शोभायात्रा के लिए सभी 18 राजकुमारों का चयन कर लिया गया। राजकुमारों के चयन के लिए कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए थे। अग्रवाटिका में अग्रवाल समाज के लोगों की मौजूदगी में लकी ड्रा के माध्यम से चयन किया गया। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लकी ड्रा के टोकन बच्चों से ही निकलवाए गए। मीडिया प्रभारी सचिन अग्रवाल ने बताया कि लकी ड्रा में चयनित राजकुमार अपना नाम निकलने पर उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर अग्रसेन जयंती महोत्सव पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसके साथ महोत्सव के कार्यक्रमों की विधिवत शुरुआत हुई। सभा अध्यक्ष अशोक बंसल और प्रधानमंत्री सुभाष अग्रवाल सिक्का वाले ने चयनित राजकुमारों को बधाई दी। प्रमुख उद्योगपति और मुख्य चुनाव अधिकारी जयंती प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि जिन बालकों का चयन नहीं हो सका, वे निराश न हों और अगले वर्ष पुनः आवेदन करें।


श्री अग्रवाल सभा की बैठक के दौरान राजकुमारों का लॉटरी के माध्यम से चयन करते पदाधिकारी।

## 101 आवेदनों में लकी ड्रा से हुआ राजकुमारों का चयन

## अग्रसेन जयंती महोत्सव पत्रिका का भी किया गया विमोचन

लकी ड्रा के दौरान उपाध्यक्ष योगेश कागजी, कोषाध्यक्ष राजकुमार रद्दी वाले, संदीप अडूकी, अतुल अग्रवाल, तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला समिति अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, मंत्री कृष्ण मुरारी नेताजी, कोषाध्यक्ष मुकेश गर्ग कोसी, महावीर मित्तल, मूलचंद गर्ग, महाराज स्वरूप गोवर्धन दास नीनू मुकुट वाले, महिला समिति संयोजिका आशा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, मंत्री शशि अग्रवाल, मुख्य जयंती संयोजक किशोर मित्तल, शोभायात्रा संयोजक रोहित अग्रवाल एटा, पुष्पांजलि संयोजक मनोज कड़े वाले, चंदा संयोजक रमनलाल बैंक वाले, पत्रिका संपादक प्रवीन सर्राफ, योगेश गोयल साड़ी वाले, महेश बंसल सर्राफ, हेमंत अग्रवाल, अनिल अग्रवाल नौहझील, वैभव अग्रवाल, महेश चंद कसेरे, गोपाल दास काजू, महेश सर्राफ राजस्थान ज्वैलर्स, गौरहरि सोनू हाथी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# सेना ने सरकारी जमीन से हटवाया अतिक्रमण

### नोटिस के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर सैन्य अधिकारियों ने की कार्रवाई

### कैंटोनमेंट कर्मचारियों ने पुलिस के साथ खाली कराई जमीन, तार फेंसिंग का काम शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** सदर बाजार क्षेत्र में सेना की जमीन पर लंबे समय से किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सैन्य अधिकारियों ने कार्रवाई की। नोटिस दिए जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर सैन्य अधिकारियों ने कैंटोनमेंट कर्मचारियों और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के बाद जमीन को अपने कब्जे में लेते हुए दोबारा कब्जा रोकने के लिए तार फेंसिंग का काम भी शुरू कराया गया।

बताया गया कि सेना की खाली पड़ी जमीन पर काफी समय से कुछ लोगों ने वाहनों की पार्किंग बना रखी थी।

इसके अलावा जमीन पर पशु भी बांधे जा रहे थे। इस तरह जमीन का लंबे समय से अनधिकृत रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था। सैन्य अधिकारियों की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित लोगों को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद कब्जेदारों ने जमीन खाली नहीं की।

इसके बाद सैन्य अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए जमीन पर मौजूद वाहनों और अन्य अतिक्रमण को हटवाया। कार्रवाई के दौरान कैंटोनमेंट कर्मचारियों के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। जमीन खाली कराने के बाद अधिकारियों ने वहां तार फेंसिंग शुरू कराई, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो सके। बताया गया कि इस जमीन से पूर्व में भी सैन्य अधिकारियों ने अतिक्रमण हटवाया था, लेकिन कुछ समय बाद लोगों ने फिर से कब्जा कर लिया। दोबारा अतिक्रमण की स्थिति सामने आने के बाद इस बार जमीन की सुरक्षा के लिए फेंसिंग कराई जा रही है।






# दुवासु में राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन विद्यालय का शुभारंभ


दुवासु में कार्यक्रम के दौरान अतिथि का स्वागत करते शिक्षक।

### 25 प्रतिभागियों को पशु स्वास्थ्य की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

**यूनिक समय, मथुरा।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान (दुवासु) के पशु शरीर रचना विज्ञान विभाग में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ द्वारा संपोषित 10 दिवसीय राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन विद्यालय का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण 22 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलेगा। इसमें पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन में सुधार के लिए शारीरिक संरचना संबंधी तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की कुलसचिव डॉ. राखी वैश रहीं। विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता (परास्नातक अध्ययन) डॉ. अर्चना पाठक उपस्थित रहीं। पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से 25 प्रतिभागी प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं।

प्रशिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रतिदीप्ति सूक्ष्मदर्शिकी, मूल कोशिका तकनीक और ध्वनि-चित्रण जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनसे रोगों के सटीक निदान, जैविक संरचनाओं के अध्ययन और उन्नत उपचार पद्धतियों की जानकारी मिलेगी। वक्ताओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवाचारी प्रयासों से दुवासु में शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। विभागीय वैज्ञानिकों ने आयोजन के लिए कुलपति के प्रति आभार जताया।

# कृष्णा नगर मार्केट बनेगी कनॉट प्लेस की तर्ज पर

### डी ब्लॉक में नाली और सीसी सड़क निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

### अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण कार्य शुरू, नवरात्र से पहले होगा पूरा



**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णा नगर के वार्ड संख्या 30 स्थित डी ब्लॉक में नाली और सीसी सड़क निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। निर्माण शुरू होने से पहले नगर निगम की टीम ने नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी और क्रेन की मदद से हटाया। इसके बाद मलबे को ट्रैक्टरों से मौके से हटाकर नाली निर्माण का रास्ता साफ किया गया।

बीते रविवार से शुरू हुए निर्माण कार्य के तहत मौके पर ईंट, पत्थर, सीमेंट सहित अन्य सामग्री पहुंचाई गई है। नगर निगम कर्मचारियों ने नाली निर्माण का काम तेजी से शुरू कर दिया है। वार्ड पार्षद चंदन आहूजा लगातार मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं और प्रगति की जानकारी ले रहे हैं।

पार्षद चंदन आहूजा ने बताया कि नाली और सीसी सड़क निर्माण कार्य को नवरात्र से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि कृष्णा नगर मार्केट को दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। मुख्य सड़क सीसी से तैयार होगी, जबकि साइड पटरी को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा।

साइड पटरी में पानी और गैस पाइपलाइन के लिए स्थान सुरक्षित रखने के साथ इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। पौधारोपण, तिरंगा पट्टी, पोल, स्ट्रीट लाइट और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था भी प्रस्तावित है। इससे बाजार के सौंदर्यीकरण के साथ यातायात व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा।

# रिफाइनरी पुलिस और मिशन शक्ति टीम ने टूटने से बचाया परिवार

### पत्नी की शिकायत पर परिवार को बुला कर समझा कर भेजा गया घर

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस और महिला थाना मिशन शक्ति टीम की समझदारी से एक परिवार टूटने से बच गया। बातचीत और आपसी सामंजस्य दर्शाने के बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए थाने से चले गए।

थाना रिफाइनरी में एक महिला ने अपने पति और सुसराल वालों के खिलाफ मारपीट करने आदि की लिखित तहरीर दी। थाने ने महिला थाने की मिशन शक्ति टीम को इस बारे में जानकारी दी। पीड़ित महिला और उसके पति, ससुरालीजनों को मंगलवार को थाना रिफाइनरी पर बुलाया गया। रिफाइनरी पुलिस और महिला थाने की मिशन शक्ति टीम ने दोनों को आमने- सामने बिठा कर एक दूसरे को समझाया और काउंसलिंग की। मिशन शक्ति टीम के समझाने पर पति-पत्नी और परिवार को समझाया गया। दोनों ने ही टीम की बात मानते हुए अपने सभी गिले-शिकवे समाप्त कर दिए और दोनों एक साथ रहने के लिए थाने से घर चले गए। इस तरह टीम ने एक परिवार को टूटने और लंबी मुकदमेबाजी के झमेले से बचा दिया।

## हमलावरों ने पिता-पुत्र को पीट कर किया घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित स्वामीघाट पर आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में हमलावरों ने पिता- पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर सोने की चेन और मोबाइल भी छीन ले गए।

गौरव और उसके पिता पर सोमवार को स्वामीघाट पर सौरभ प्लेस के समीप आपसी रंजिश को लेकर कई लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों को बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावर सोने की चेन और मोबाइल भी छीन ले गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस में हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

## अवैध गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 426 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जैंत पुलिस की गश्ती टीम ने चारधाम से अल्हेपुर के लिए जाने वाले कच्चे रास्त पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त भारत निवासी राधिका बिहार कॉलोनी छटीकरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 426 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## राया पुलिस ने नाराज हुई युवती को घर भेजा

**यूनिक समय, मथुरा।** घर से नाराज होकर एक युवती थाना राया पहुंची। मिशन शक्ति टीम ने घरवालों को बुलाकर मिशन शक्ति टीम ने समझा-बुझा कर युवती को परिवारीजनों के साथ घर भेज दिया।

बताया गया कि एक युवती परिवारीजनों से हुए विवाद पर थाने पहुंच गई। थाना राया की मिशन शक्ति टीम ने युवती की काउंसलिंग की और परिवार के लोगों थाने बुलाया। मिशन शक्ति टीम ने दोनों को समझा कर नाराजगी को खत्म कराया और युवती को परिवार के सुपुर्द कर दिया।


**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालय:-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com


RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।





# मौसमी बीमारियां बढ़ीं तो गांव गांव खुले इलाज के ठिकाने

### झोलाछाप डॉक्टरों और मानकों के बिना चल रही जांच लैब पर उठे सवाल

### परखम में सील अस्पताल दोबारा खुलने की शिकायत, जांच के बाद होगी कार्रवाई



**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम में बदलाव के साथ जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। बुखार, जुकाम, खांसी और अन्य बीमारियों के मरीज सरकारी अस्पतालों के साथ गांवों में संचालित छोटे क्लीनिकों का भी रुख कर रहे हैं। इसी बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बिना जरूरी योग्यता और पंजीकरण के संचालित बताए जा रहे क्लीनिकों और पैथोलॉजी लैब को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीण इलाकों में कई छोटे उपचार केंद्र संचालित होने की जानकारी सामने आ रही है। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं दूर होने और निजी अस्पतालों में इलाज महंगा होने के कारण लोग आसपास के क्लीनिकों पर उपचार कराते हैं। आरोप है कि कुछ स्थानों पर मरीजों की पूरी जांच किए बिना ही दवा और इंजेक्शन दिए जाते हैं। वहीं, कुछ जगह निर्धारित मानकों के बिना पैथोलॉजी लैब संचालित किए जाने की भी शिकायतें हैं। इससे जांच की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होते हैं। शहर के बड़े अस्पतालों में उपचार के साथ खून की जांच, एक्सरे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जांचों का खर्च भी मरीजों को उठाना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह खर्च काफी अधिक हो जाता है। ऐसे में कई ग्रामीण कम खर्च में आसपास के चिकित्सकों से उपचार कराना पसंद करते हैं। बरारी, फरह, रैपुराजाट, परखम, ओल के अलावा सुरीर, मांट, बाजना और राया के कई गांवों में छोटे क्लीनिक संचालित होने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से इन केंद्रों की जांच कराने और उपचार व जांच से जुड़े नियमों के पालन की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

### सील के बाद अस्पताल खुला तो होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** परखम में बच्ची की मौत के मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित अस्पताल को सील किया था। नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग के अनुसार, अस्पताल बंद रखने के संबंध में संबंधित डॉक्टर ने दस रुपये के स्टांप पेपर पर लिखकर दिया था। अब अस्पताल दोबारा संचालित होने की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि जांच में यदि सील अस्पताल खुलने की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।






## 23 सितंबर को निकलेगी दिव्य वामन भगवान शोभायात्रा

### रंगनाथ मंदिर से निकलेगा भगवान वामन का भव्य डोला

**यूनिक समय, वृंदावन।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के संरक्षण और श्री वामन भगवान जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में 23 सितंबर को दिव्य श्री वामन भगवान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा रंगनाथ मंदिर से प्रारंभ होगी। इससे पूर्व प्रातः मोतीझील स्थित भैरव वाली बगीची में श्री पुरुषोत्तम महाराज के संयोजन में भगवान वामन के विग्रह की स्थापना, पंचामृत अभिषेक, पूजन–अर्चन, छप्पन भोग और प्रसाद वितरण होगा।

ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं. बिहारी लाल वशिष्ठ, ब्रज प्रदेश महामंत्री पं. राजेश पाठक, मुख्य संयोजक पं. मेघश्याम गौतम और अध्यक्ष बृजेश गली वाला ने बताया कि शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भगवान वामन का दिव्य डोला देशी–विदेशी फूलों, रायवेल और तगर पुष्पों से सजाया जा रहा है। मथुरा–आगरा की प्रसिद्ध झांकियां, बैंड और नफीरी शोभायात्रा का आकर्षण रहेंगी। विभिन्न स्थानों पर जनमानस द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

कार्यक्रम में डॉ. चतुर नारायण पाराशर, जिला अध्यक्ष इं. राजकुमार शर्मा, आचार्य करन कृष्ण गोस्वामी, रामेश्वर दयाल शर्मा, महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद, भक्तिवेदांत मकसूदन दास गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, प्रदीप गोस्वामी, सत्यम गौतम, दीपक गोस्वामी, आचार्य राम निहोर शास्त्री, बालकृष्ण गोस्वामी, बाबा कर्मयोगी, ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल अध्यक्ष जुगेंद्र भारद्वाज और सुभाष गौड़ ने सभी सनातन धर्मप्रेमियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## बॉक्सिंग, हॉकी और एथलेटिक्स के जिला ट्रायल 23 से

### गणेशरा स्टेडियम में होंगे चयन ट्रायल, चयनित खिलाड़ी मंडल स्तर पर जाएंगे

### खिलाड़ियों को मूल जन्म प्रमाणपत्र और आधार कार्ड लाना होगा

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग, हॉकी और सीनियर पुरुष-महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल 23 सितंबर से स्पोर्ट्स स्टेडियम, गणेशरा में शुरू होंगे। चयनित खिलाड़ियों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा, जिसके बाद प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेलने का मौका मिलेगा।

जिला खेल कार्यालय के अनुसार, सीनियर पुरुष बॉक्सिंग के जिला स्तरीय ट्रायल 23 सितंबर को दोपहर तीन बजे होंगे। मंडलीय ट्रायल 25 सितंबर को सुबह 11 बजे स्टेडियम आगरा में होंगे। प्रदेश प्रतियोगिता एक से चार अक्टूबर तक झांसी में होगी। सीनियर पुरुष हॉकी के जिला स्तरीय ट्रायल 24 सितंबर को दोपहर तीन बजे होंगे। मंडलीय ट्रायल 25 सितंबर को आगरा में होंगे। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 28 सितंबर से तीन अक्टूबर तक वाराणसी में आयोजित होगी। सीनियर पुरुष और महिला एथलेटिक्स के जिला स्तरीय ट्रायल 25 सितंबर को दोपहर तीन बजे होंगे। मंडलीय ट्रायल 26 सितंबर को आगरा में होंगे। प्रदेश प्रतियोगिता 29 और 30 सितंबर को बरेली में होगी। उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि ट्रायल पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को मूल जन्म प्रमाणपत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। सभी जिला स्तरीय ट्रायल निशुल्क होंगे।

## बीएचआरसी में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया



कार्यक्रम में मौजूद विमला देवी बेरीवाला, चिकित्सक और नर्स स्टाफ।

**यूनिक समय, वृंदावन।** बृज हेल्थकेयर एंड रिसर्च सेंटर (बीएचआरसी) में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम "गैर–संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल" रही। आयोजन गुणवत्ता विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय रोगी सुरक्षा लक्ष्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अस्पताल में सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं की संस्कृति को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम में कलर–कोडेड पेशेंट आइडेंटिफिकेशन रिस्टबैंड का औपचारिक शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अस्पताल की ट्रस्टी विमला देवी बेरीवाला ने किया। महाप्रबंधक (प्रशासन एवं संचालन) शैलेंद्र सिंह ने रिस्टबैंड प्रणाली के सही इस्तेमाल की जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय रोगी सुरक्षा लक्ष्यों के बारे में बताया।

इस अवसर पर अस्पताल के विभिन्न विभागों के नर्सिंग स्टाफ ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

पोस्टरों के माध्यम से लिवर सिरोसिस, मधुमेह, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव, हार्ट अटैक, कैंसर, सीओपीडी, मोटापा, मस्कुलोस्केलेटल विकार, ऑस्टियोपोरोसिस, शराब की लत, नवजात पीलिया, उच्च रक्तचाप और रोगी सुरक्षा जैसे विषयों पर जागरूकता दी गई। प्रतियोगिता में निदा खान ने प्रथम, राधा-रितु ने द्वितीय और अंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विमला देवी बेरीवाला ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन निदा खान द्वारा दिलाई गई रोगी सुरक्षा शपथ के साथ हुआ।

## सेवा संकल्प अभियान में भाषण प्रतियोगिता और स्वास्थ्य शिविर लगाया

**यूनिक समय,मथुरा।** सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को कई स्कूल–कॉलेजों में भाषण प्रतियोगिताएं हुईं। वहीं राया नगर पंचायत में कर्मचारियों और सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजकीय महाविद्यालय मांट में प्राचार्य के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई की ओर से भाषण प्रतियोगिता कराई गई। महाविद्यालय के सभागार में हुई प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। वहीं नगर पंचायत राया में कर्मचारियों और सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

## नेत्र शिविर में 200 लोगों की जांच 23 को ऑपरेशन की सलाह



नेत्र शिविर में आए अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

**यूनिक समय, मथुरा।** औरंगाबाद क्षेत्र में कल्याण करोति संस्था ने श्री रामलीला कमेटी के सौजन्य से राधारमण धर्मशाला में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। शिविर में करीब 200 लोगों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। जांच के दौरान 23 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। चिकित्सकों ने सभी को कल्याण करोति नेत्र संस्थान में निशुल्क ऑपरेशन कराने की सलाह दी। इनमें से तीन मरीजों के सफल ऑपरेशन भी किए गए।

शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी अध्यक्ष नंदलाल उपाध्याय, महामंत्री ताराचंद अग्रवाल, मथुरा रामलीला सभा के प्रधानमंत्री मूलचंद गर्ग, लल्लन कुशवाहा, दर्शपाल सिंह, मनोज सिंघल, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. एसडी शर्मा, डॉ. पवन उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण शर्मा, गोविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश माल, गुलाबचंद सैनी, जग्गू सैनी, मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा, बंटी पार्षद सहित कल्याण करोति संस्थान के चिकित्सक और टीम मौजूद रही।

## पराली प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जागरूक

### चंदौली में कृषि विज्ञान केंद्र ने आयोजित किया किसान जागरूकता कार्यक्रम

### मशीनों से पराली प्रबंधन और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के बताए फायदे




किसानों को पराली प्रबंधन की जानकारी देते केवीके के विज्ञानी।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से मंगलवार को चंदौली में विकासखंड स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर अभिजीत मित्रा, निदेशक प्रसार प्रोफेसर संजीव कुमार सिंह के निर्देशन में हुआ। अध्यक्षता प्रगतिशील किसान रंजीत सिंह ने की।

केंद्र के प्रभारी डॉ. वाईके शर्मा ने किसानों को हैप्पी सीडर, रोटावेटर, सुपर सीडर, मल्चर, चोपर, रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ और कंबाइन हार्वेस्टर से पराली प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मशीनें सरकार की ओर से अनुदान पर उपलब्ध कराई जाती हैं। मृदा वैज्ञानिक डॉ. रविंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि पराली को खेत में मिलाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और सूक्ष्म जीव, पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि होती है। इससे पराली जलाने से होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकता है। कार्यक्रम में राजेश चौधरी, बादाम सिंह, हीरालाल, वीर सिंह, रामवीर, कृपाल सिंह, रतन, उषा और कमलेश सहित 100 से अधिक किसान मौजूद रहे।

# 2.94 लाख विद्यार्थियों की बनी अपार आईडी, रफ्तार धीमी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में विद्यार्थियों को डिजिटल शैक्षिक पहचान देने की योजना अभी पूरी रफ्तार नहीं पकड़ सकी है। कक्षा एक से 12वीं तक अध्ययनरत करीब 5 लाख 20 हजार 825 विद्यार्थियों में अब तक 2 लाख 94 हजार 63 की अपार आईडी बन सकी है। यानी जिले में करीब 53 प्रतिशत विद्यार्थियों की ही अपार आईडी तैयार हुई है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की डिजिटल पहचान बनना अभी बाकी है।

शिक्षा विभाग ने शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया तेज करने के लिए विद्यालयों और अभिभावकों से सहयोग की अपील की



है। बीएसए रतन कीर्ति ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों की अपार आईडी जल्द बनवाएं।

उन्होंने बताया कि अपार आईडी विद्यार्थी की स्थायी डिजिटल शैक्षिक पहचान के रूप में काम करेगी। इसमें

## 5.20 लाख विद्यार्थियों में करीब 53 प्रतिशत की डिजिटल पहचान तैयार

## निजी विद्यालयों में धीमी प्रक्रिया से लक्ष्य पूरा करने में देरी

पढ़ाई से संबंधित रिकॉर्ड, उपलब्धियां और प्रमाण–पत्र डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

अपार आईडी बनवाने के लिए अभिभावकों को संबंधित विद्यालय से संपर्क करना होगा। आईडी बनने के बाद विद्यार्थी के शैक्षिक दस्तावेजों और उपलब्धियों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना आसान होगा। भविष्य में विद्यालय बदलने या दूसरे संस्थान में प्रवेश लेने पर भी शैक्षिक रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने में सुविधा मिल सकती है।

जिले में अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में निजी विद्यालयों की गति अपेक्षाकृत धीमी रहने की बात सामने आ रही है। इसके चलते अब तक करीब 53 प्रतिशत विद्यार्थियों की ही आईडी बन पाई है। शिक्षा विभाग शेष विद्यार्थियों की आईडी जल्द तैयार कराने पर जोर दे रहा है। बीएसए ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनना जरूरी है।

# गोलीकांड में दोषी वीरपाल को पांच साल की सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते गोली मारने के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने अभियुक्त पर छह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पुलिस के अनुसार, थाना नौहझील में वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था कि पैसे मांगने को लेकर विवाद के दौरान अभियुक्त ने वादी के भाई जगराम को गोली मार दी थी। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। गुणवत्ता पूर्ण विवेचना और लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य प्रस्तुत किए। मंगलवार को को एडीजे–11 न्यायालय ने मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त वीरपाल उर्फ बंगाली पुत्र मोमराज निवासी सालपुर, थाना टप्पल, जनपद अलीगढ़ को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कारावास और छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# मथुरा में बॉल बैडमिंटन संघ का गठन, नई शुरुआत

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज नगरी में बॉल बैडमिंटन खेल को संस्थागत मंच देने के लिए जिला बॉल बैडमिंटन संघ का गठन किया गया है। अरविंद चित्तौड़िया को सर्वसम्मति से जिला महासचिव चुना गया। संघ के गठन से मथुरा के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

महासचिव अरविंद चित्तौड़िया ने बताया कि खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए पहली अकादमी रियल इंटरनेशनल स्कूल, अड़ुकी में स्थापित की जाएगी। दूसरी अकादमी अमरनाथ विद्या आश्रम के खेल मैदान पर बनाने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। संघ की आधिकारिक सूचना जिला ओलंपिक संघ के सचिव महेंद्र राजपूत को पत्र के माध्यम से दे दी गई है। जिला ओलंपिक संघ की ओर से आगामी दिनों में संबद्धता पत्र देने का भरोसा दिया गया है।

जिला ओलंपिक संघ और जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त

## पुनीत प्रजापति अध्यक्ष अरविंद चित्तौड़िया बने जिला महासचिव

## अड़ुकी और अमरनाथ विद्या आश्रम में अकादमी खोलने की तैयारी

तत्वावधान में जल्द ही बॉल बैडमिंटन कार्यशाला और जिला चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता रियल इंटरनेशनल स्कूल अथवा अमरनाथ विद्या आश्रम के प्रांगण में प्रस्तावित है।

संघ की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पुनीत प्रजापति, जिला महासचिव अरविंद चित्तौड़िया, उपाध्यक्ष रवनीत मैसी, विनोद आर्य, कोषाध्यक्ष किशन सिंह, सह सचिव प्रेमपाल, अर्जुन और सदस्य अनुपम, शुभम सिंह और रोहित सिंह शामिल हैं। जल्द ही अन्य सदस्यों को भी जिला कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा।

# जायंट्स वेस्ट ने स्ट्रीट स्कूल में बांटे बैग




स्कूल में सामग्री वितरण के दौरान मौजद जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट की ओर से औद्योगिक क्षेत्र स्थित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्कूल में छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम दिनेशचंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। स्कूल संचालक सतीशचंद्र शर्मा ने अतिथियों का पटुका पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष दिनेशचंद्र अग्रवाल ने मुख्य अतिथि फेडरेशन–5 उपाध्यक्ष मोहनबाबू आर्य को स्मृति चिन्ह भेंट किया, जबकि प्रशासनिक निदेशक संजीव जैन ने उनका पटुका पहनाकर स्वागत किया। प्रथम महिला अर्चना अग्रवाल, रेनू चावला, सुमनलता शर्मा, बबिता जैन, नीता मित्तल, निधि तोमर, पूजा शर्मा, सोनिका अग्रवाल और भावना अरोड़ा ने

## जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्कूल में बच्चों को मिली स्टेशनरी

## सामान्य ज्ञान प्रश्नों के दिए जवाब, बच्चों ने सुनाए गीत

बच्चों को बैग और स्टेशनरी बांटी। बच्चों ने सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के उत्तर देने के साथ कविताएं और गीत प्रस्तुत किए। संचालन वित्त निदेशक बृजेश सिंघल ने किया। अनिल शर्मा एडवोकेट ने आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जगदीश चावला, सप्ताह संयोजक हर्ष अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक शकुल मित्तल, राजेश मित्तल, रमनलाल गुप्ता, जगदीश तोमर, जितेंद्र सिंह, पंकज शर्मा, भूपेंद्र अग्रवाल और दिनेश गर्ग मौजूद रहे।

# 38 टीजीटी और नौ प्रवक्ताओं की होगी तैनाती

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई को जल्द राहत मिलने वाली है। जनपद के विभिन्न सहायता प्राप्त विद्यालयों में 38 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) और नौ प्रवक्ताओं की तैनाती होने जा रही है। चयन आयोग के माध्यम से चयनित इन शिक्षकों के आने के बाद विद्यालयों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई को और मजबूती मिलेगी।

जिले के कई सहायता प्राप्त विद्यालयों में लंबे समय से शिक्षकों के पद खाली होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से कई बार विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को संभालना चुनौती बन जाता था। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई और विषयों की तैयारी पर पड़ता था। अब नए शिक्षकों की तैनाती से ऐसे

## सहायता प्राप्त विद्यालयों में जल्द गूंजेगी नई शिक्षण व्यवस्था की आवाज

## शिक्षकों की कमी से प्रभावित पढ़ाई को मिलेगी रफ्तार

विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को गति मिलने की संभावना है। जनपद को जल्द ही 38 टीजीटी और नौ प्रवक्ता मिलने वाले हैं। इन शिक्षकों का चयन चयन आयोग के माध्यम से किया गया है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब विद्यालयों में उनकी तैनाती का इंतजार रहेगा। इससे शिक्षकों के विद्यालयों में पहुंचने के बाद अलग–अलग विषयों की कक्षाओं को नियमित रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। नए शिक्षकों के आने से खासतौर पर उन विद्यालयों को राहत मिलने की उम्मीद है, जहां शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ रही थी।

# 30 सितंबर तक संपत्ति कर पर 10 प्रतिशत छूट, ओटीएस का भी उठाएं लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा वर्तमान संपत्ति कर पर दी जा रही 10 प्रतिशत छूट की अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो रही है। छूट का लाभ लेने के लिए अब कुछ ही दिन शेष हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश शासन की ओर से संपत्ति कर (गृहकर, जलकर और सीवर कर) के बकाये पर लगने वाले सरचार्ज और ब्याज से राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की गई है। यह योजना 15 अगस्त से 15 नवंबर तक लागू रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 नवंबर निर्धारित की गई है।

# किशोरी रमण कॉलेज ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली




किशोरी रमण पीजी कॉलेज में नशा मुक्ति को निकाली गई रैली को रवाना करते एनसीसी अधिकारी आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 11 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल विक्रांत त्यागी, सेना मेडल के निर्देशानुसार चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज और किशोरी रमण इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कैडेट्स को नशे से होने वाली सामाजिक एवं आर्थिक हानियों के बारे में जागरूक किया। लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने कैडेट्स को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। मेजर नूतन कुमार के नेतृत्व में निकली रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। सूबेदार जसविंदर सिंह ने कैडेट्स से नशा मुक्ति से संबंधित नारे लगवाकर आमजन को जागरूक किया।

कार्यक्रम में विशंभर दयाल,अशोक कुमार कौशिक,नवीन अग्रवाल, राजेश गौतम, राजेश सारस्वत और रामदत्त मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# जायंट्स सेवा सप्ताह में विज्ञान प्रदर्शनी की धूम

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा की ओर से सेवा सप्ताह के पांचवें दिन बापू बाल मंदिर जूनियर हाई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रदीप फौजदार की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि केआर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन मुरलीधर शर्मा ने जायंट्स सदस्यों के साथ छात्र–छात्राओं द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में गौरशरण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि कैप्टन मुरलीधर शर्मा का पटुका पहनाकर




जायंट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत बनाए गए विज्ञान मॉडलों के साथ विद्यार्थी।

स्वागत किया, जबकि अध्यक्ष प्रदीप फौजदार ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक कपिल अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल का राजीव गोयल ने पटुका पहनाकर और मनीष अरोड़ा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न

## बापू बाल मंदिर स्कूल में छात्रों ने सजाए रचनात्मक मॉडल

## प्रधानाचार्य कैप्टन मुरलीधर शर्मा ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में डॉ. अशोक अग्रवाल, केवलराम चंदानी, पीयूष जैन, अंशुल अग्रवाल, अशोक मित्तल, उमेश अग्रवाल, मिताली फौजदार और रचना अरोड़ा सहित जायंट्स सदस्य मौजूद रहे।

# प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप

**यूनिक समय, छाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम भदावल निवासी कुंज बिहारी ने प्लॉट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुंज बिहारी ने बताया कि उनको कुछ लोगों ने अच्छी जगह पर प्लॉट दिखाकर कम कीमत में दिलाने का भरोसा दिया था। भरोसा होने पर उन्होंने प्लॉट बुक कराने के लिए रकम देने पर सहमति जताई। चार जून 2024 से 10 जून 2024 के बीच अलग–अलग माध्यमों से आरोपितों को कुल चार लाख रुपये दिए गए। इसके बाद कुछ समय बीतने पर उन्हें जानकारी हुई कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित लोग न तो जमीन का कब्जा दे रहे हैं और न ही रकम वापस कर रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नटवर, गौरव, सौरभ और रवी, रेंचो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप

### पिता का आरोप, मारपीट के बाद मायके छोड़ गए ससुरालीजन

### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के ग्राम दहगांव में सोमवार को 22 वर्षीय गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतका के पिता हरलाल ने ससुराल पक्ष पर बेटी के साथ मारपीट करने और गंभीर हालत में मायके छोड़कर चले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हरलाल के अनुसार, उनकी पुत्री पूजा का विवाह अनिल निवासी ग्राम सोंध, थाना पलवल शहर, जिला पलवल, हरियाणा के साथ हुआ था। उन्होंने बताया कि पूजा गर्भवती थी। आरोप है कि रविवार को ससुरालीजन उसके साथ मारपीट करने के बाद उसे दहगांव स्थित मायके छोड़ गए थे। सोमवार सुबह उसकी हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी मौके पर पहुंची। इसके बाद चौकी प्रभारी गढ़ी बरबारी उपनिरीक्षक नकुल कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मजिस्ट्रेट के निर्देशन में पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। रिपोर्ट के आधार पर सुसंगत धाराओं में आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# आत्मदाह की चेतावनी पर वाल्मीकि नेता नजरबंद

### जातिसूचक टिप्पणी मामले में कार्रवाई की मांग पर बढ़ा विवाद

### गिर्राज बोले-समाज की आवाज नहीं दबा सकती पुलिस

**यूनिक समय, कोसीकलां।** छाता शुगर मिल पर किसानों के धरने के दौरान वाल्मीकि समाज के खिलाफ कथित जातिसूचक टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। डीएम और एसएसपी कार्यालय पर आत्मदाह की चेतावनी देने वाले अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिर्राज वाल्मीकि को पुलिस ने मंगलवार सुबह एहतियातन उनके घर पर नजरबंद कर दिया। उनके आवास के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है।

सोमवार को बठैन गेट स्थित वाल्मीकि मंदिर पर समाज की महापंचायत हुई थी। इसमें गिर्राज वाल्मीकि ने चेतावनी दी थी कि कथित जातिसूचक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं हुई तो वह समाज के लोगों के साथ डीएम और एसएसपी कार्यालय पर आत्मदाह करेंगे। चेतावनी के बाद प्रशासन सतर्क हो गया।

नजरबंद किए जाने के बाद गिर्राज वाल्मीकि ने कहा कि पुलिस उन्हें घर में रोक सकती है, लेकिन समाज के सम्मान और अधिकार की आवाज को नहीं दबा सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मथुरा जनपद के सफाई कर्मचारी कामबंद हड़ताल का निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी प्रशासन पर होने की बात कही। मामले को लेकर वाल्मीकि समाज में आक्रोश बताया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# सेवा संकल्प अभियान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

### 24 सितंबर को दीनदयाल धाम में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

### हृदय, हड्डी और स्त्री रोग विशेषज्ञ देंगे चिकित्सकीय परामर्श


स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा आदि।

**यूनिक समय, फरह।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गोस्वामी चिकित्सालय दौलतपुर रोड, दीनदयाल धाम में 24 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। गोस्वामी चिकित्सालय और सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले शिविर में सर्वोदय हॉस्पिटल के अनुभवी-विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे।

यह जानकारी फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा ने पत्रकारों को देते हुए बताया कि शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इसमें हृदय रोग, हड्डी रोग और स्त्री रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। क्षेत्रवासियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श भी दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और आसपास के क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सूर्या फाउंडेशन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श का लाभ उठाएं।

# छाता शुगर मिल का धरना सियासी विवाद में बदला

### उमेश पंडित और जबर प्रधान के वीडियो बयान इंटरनेट मीडिया पर वायरल

### आरोप-प्रत्यारोप से किसान आंदोलन के मूल मुद्दे पर छाई चर्चा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** छाता क्षेत्र की छाता शुगर मिल को चालू कराने की मांग को लेकर चल रहा किसानों का धरना अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के कारण चर्चा में है। कांग्रेस नेता उमेश पंडित और कोटवन के जबर प्रधान के अलग-अलग वीडियो बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

जबर प्रधान ने अपने वीडियो में उमेश पंडित पर आरोप लगाया कि उन्होंने शासन-प्रशासन से मिलकर किसानों के धरने को हटवाने का प्रयास किया। उन्होंने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण से उमेश पंडित की कथित मुलाकात का भी जिक्र किया। वीडियो वायरल होने के बाद उमेश पंडित ने अपना पक्ष रखते हुए आरोपों को खारिज कर दिया।

उमेश पंडित ने कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं और किसानों के साथ खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि वह कई बार धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों का समर्थन कर चुके हैं। मंत्री से मुलाकात के आरोप पर उन्होंने कहा कि कई वर्षों से उनकी कोई व्यक्तिगत मुलाकात नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई से किसी तरह का संबंध होने से भी इनकार किया।

दोनों नेताओं के बयान इंटरनेट मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं। किसानों का कहना है कि उनका मुख्य मुद्दा शुगर मिल को चालू कराना है और राजनीतिक विवाद से आंदोलन का मूल उद्देश्य प्रभावित नहीं होना चाहिए।

# चांदी के सिंहासन पर निकलेंगे महाराजा अग्रसेन

### सफेद अश्वों पर सवार होंगे 18 राजकुमार सजेंगी आकर्षक झांकियां

### पांच अक्टूबर से शुरू होगा जयंती महोत्सव, 15 को निकलेगी शोभायात्रा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** महाराजा अग्रसेन जयंती इस बार नगर में भव्य रूप में मनाई जाएगी। कोसीकलां अग्रवाल सभा ने जयंती महोत्सव को समाज की एकता, गौरव और संस्कृति का उत्सव बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजीव जाविया ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत पांच अक्टूबर से होगी और 10 अक्टूबर तक बच्चों, महिलाओं व युवाओं के लिए चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, नृत्य, गायन, भाषण, फैंसी ड्रेस-निबंध प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

11 अक्टूबर को ब्रह्म मुहूर्त में भव्य प्रभातफेरी निकलेगी। इसी दिन अग्रसेन चौक पर पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना और सत्यनारायण कथा होगी। 12 अक्टूबर को अग्र वाटिका में अग्रवाल समाज का विशाल सहभोज आयोजित किया जाएगा। 15 अक्टूबर को लाला ग्यालाल स्मृति भवन से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भरत मिलाप चौक पहुंचेगी। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन चांदी के सिंहासन पर विराजमान होंगे, जबकि 18 राजकुमार सफेद अश्वों पर सवार होकर चलेंगे। महारानी माधवी की शाही पालकी, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जीवंत झांकी सहित एक दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। शोभायात्रा की अगुवाई के लिए करीब आधा दर्जन बैंड भी शामिल होंगे। अध्यक्ष संजीव जाविया ने बताया कि महाराजा अग्रसेन के एक ईंट-एक रुपया के समाजवादी सिद्धांत को समाज आज भी आगे बढ़ा रहा है। जयंती महोत्सव में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी।

# स्कार्पियो से कुचल कर हत्या करने वाले की जमानत खारिज

**यूनिक समय,मथुरा।** जिला एंव सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने स्कार्पियो से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में अभियुक्त द्वारा दी गई जमानत की अर्जी को खारिज कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि अभियुक्त सौरभ ने सह अभियुक्त के साथ मिलकर 9अगस्त 2025 को करीब साढ़े सात बेज पुष्पेंद्र चौधरी के पिता देवेंद्र सिंह को जानसे मारने की नीयत से स्कार्पियो गाड़ी से रौंद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी। उपचार के दौरान देवेंद्र सिंह की मौत हो गई। इस मामले में अभियुक्त सौरभ सिंह जेल में है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि मामले की विवेचना चल रही है। जिला जज ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सौरभ की जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।

**नाम परिवर्तन**

मैं श्री जीतेन्द्र सिंह (JITENDRA SINGH) पुत्र श्री रघुपाल सिंह नि. डी-127, सेक्टर-12 प्रताप विहार गाजिआबाद उ0प्र0-201009 मेरे के.वाई.सी. में मेरा नाम JITENDRA SINGH दर्ज है जो की सत्य है JITENDRA SINGH व JITENDER SINGH दोनों नाम मेरे ही है, भविष्य में मुझे JITENDRA SINGH के नाम से जाना,पढ़ा एवं लिखा जाए

**नाम परिवर्तन**

मैं रिचा चौधरी (RICHA CHAUDHARY) पत्नी पवन कुमार (PAVAN KUMAR) नि0 225/13 , सौंख रोड मथुरा बांगर मथुरा उ0प्र0 281004, मैंने अपना नाम भविष्य के सभी कामो के लिए RICHA SINGH से बदलकर RICHA CHAUDHARY कर लिया है अब से मुझे RICHA CHAUDHARY के नाम से जाना एवं पढ़ा जाए

# दोस्त के न मिलने पर भटकती युवती का पुलिस ने किया रेस्क्यू

### मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग कर युवती को परिवार को सौंपा

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक भटक रही युवती(21) को रेस्क्यू कर उसके परिवार की काउंसलिंग कर परिवार के सपुर्द किया। नौहझील पुलिस की गश्ती टीम को यमुनाएक्सप्रेस वे पर एक युवती इधर-उधर भटकती हुई दिखाई दी। टीम ने युवती से बातचीत की और उसे थाने लाकर मिशन शक्ति टीम के सपुर्द कर दिया। बताया गया युवती जॉब करती थी। उसने 7-8 महीने सेक्टर 70 में जॉब करती थी। वह अपने एक दोस्त से मिलने के लिए घर से आई थी। दोस्त के न मिलने पर रास्ता भटक गई। मिशन शक्ति टीम ने युवती के परिवारीजनों को थाने बुलाया और उनके बीच चल रहे विवाद को भी काउंसलिंग के माध्यम से दूर कराया। इसके बाद युवती को सकुशल उसके परिवार को सौंप दिया। नौहझील पुलिस और मिशन शक्ति टीम की परिवार ने प्रशंसा की।

# टैंटीगांव डकैती के अभियुक्त की जमानत खारिज

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने थाना सुरीर के टैंटीगांव में अजय सेठ के घर हुई लाखों की डकैती में शामिल अभियुक्त की जमानत खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि 23 अप्रैल 2026 में टैंटीगांव के अजय सेठ के आवास पर सुभाष ने अपने गैंग के साथ जिसमें धर्मवीर उर्फ लंबू,राजेंद्र उर्फ पप्पू,शेर सिंह, शंकर पहलवान, टीटू, शहनवाज, शत्रु और धारी आदि के साथ डकैती की थी। डकैत तीन लाख से अधिक का केश और करीब 12 लाख रुपये से अधिक के जेवरात लूट ले गए थे। शंकर पहलवान का नाम भी डकैती में आया है। शंकर पहलवान जिला कारागार में निरुद्ध है। उसकी ओर से जमानत प्रार्थना पत्र वकील के माध्यम से जिला जज की अदालत में सुनवाई के लिए दिया गया था। जिला जज ने जिला शासकीय अधिवक्ता और दूसरे पक्ष की बहस सुनने के बाद जमानत को खारिज कर दिया।

**सूचना**

उप जिलाधिकारी, सदर, मथुरा के कार्यालय पत्रांक-82 दि0 11.09.26 के द्वारा मु0अ0सं0-153/26 में बरामदशुदा 100 कट्टे चावल, पत्रांक-83 दि0 11.09.26 के द्वारा मु0अ0सं0-96/26 में बरामदशुदा 250 ली0 अपमिश्रित पैट्रो0 पदार्थ, पत्रांक-85 दि0 11.09.26 के द्वारा मु0अ0सं0-83/2026 में बरामदशुदा 08 गैस सिलेण्डर, पत्रांक-82 दि0 11.09.26 के द्वारा मु0अ0सं0-82/26 में बरामदशुदा 07 गैस सिलेण्डर व अन्य वस्तुयें एवं पत्रांक-325 ली0 अपमिश्रित पै0 पदार्थ की नीलामी दिनांक 28.09.2026 को तहसील स्थित सभागार में की जायेगी, इच्छुक व्यक्ति नीलामी हेतु लाईसेन्स/अन्य प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहकर बोली लगा सकते है।

उप जिलाधिकारी,
सदर (मथुरा)।

## सुविचार

बदलाव की शुरुआत दुनिया से नहीं, अपने विचारों और कर्मों से करो।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | 09:43-10:51 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | घनिष्ठा | 09:09-10:35 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:16 AM | चन्द्रोदय | 04:20 PM |
| सूर्यास्त | | 6:22 PM | चंद्रास्त | 03:39 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | मकर राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:20-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 12:19 PM: 01:49 PM | वार | बुधवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# अनंत चतुर्दशी पर केले और गेहूं से करें विष्णु की पूजा

### दो कच्चे केले हल्दी संग रखें, मंत्र जाप करें

### आर्थिक संकट से राहत के लिए गेहूं का करें उपाय



**यूनिक समय, मथुरा।** अनंत चतुर्दशी का पर्व भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत, पूजा और मंत्र जाप करने से भगवान श्रीहरि की कृपा प्राप्त होती है। इस वर्ष अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को मनाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्य पं. अजय कुमार तैलंग के अनुसार, अनंत चतुर्दशी से एक दिन पहले दो कच्चे केले घर लाकर रखे जा सकते हैं। पर्व के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के बाद पूजा स्थान को साफ करें। सफेद वस्त्र बिछाकर उस पर दोनों कच्चे केले रखें। साथ में एक हल्दी की गांठ भी रखें। इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए 'ॐ अनंताय नमः' मंत्र का 12 बार जाप करें। धार्मिक मान्यता में भगवान विष्णु को अनंत स्वरूप वाला माना गया है, इसलिए इस मंत्र के जाप को विशेष महत्व दिया जाता है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

आर्थिक परेशानियों से राहत की कामना के लिए अनंत चतुर्दशी की शाम गेहूं से जुड़ा उपाय भी बताया गया है। इसके लिए एक फूल या पीतल के साफ कटोरे में गेहूं भरें और उसमें एक हल्दी की गांठ रखें। कटोरे को पूजा स्थान पर अपने सामने रखकर दीपक जलाएं। इसके बाद हल्दी की गांठ के पास दीपक रखकर 'ॐ अनंताय नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें।

मंत्र जाप पूरा होने के बाद गेहूं से भरे पात्र को पीले कपड़े से ढककर रसोई के किसी साफ स्थान पर रखने की मान्यता है। धार्मिक विश्वास के अनुसार यह उपाय भगवान विष्णु की कृपा और आर्थिक परेशानियों से राहत की कामना के लिए किया जाता है। ये उपाय धार्मिक मान्यताओं पर आधारित हैं।

# एकादशी पर परिक्रमा को वृंदावन में उमड़े श्रद्धालु



मंगलवार को एकादशी पर वृंदावन की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।

### बिहारी दर्शन की आस में कतारों में लगे श्रद्धालु, परिक्रमा मार्ग पर गूंजा राधे-राधे

### सुबह से ही धाम में बढ़ी भीड़ भक्ति में डूबे नजर आए देशभर से आए श्रद्धालु

**यूनिक समय, वृंदावन।** एकादशी पर मंगलवार को वृंदावन धाम श्रद्धालुओं से पट गया। एकादशी की परिक्रमा और ठाकुर बांके बिहारीजी के दर्शन की आस लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही धाम में पहुंचने लगे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मंदिरों और परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती चली गई।

परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालु राधे-राधे का संकीर्तन करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। कोई परिवार के साथ परिक्रमा कर रहा था तो कोई समूह के साथ भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहा था। श्रद्धालुओं के जयकारों और राधे-राधे के उद्घोष से पूरा परिक्रमा मार्ग भक्तिमय हो उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने विश्राम कर कुछ देर भजन-कीर्तन भी किया।

ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन के लिए मंदिर के आसपास सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। दूर-दराज से आए श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के समक्ष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के चलते प्रमुख मंदिरों और बाजारों में भी चहल-पहल बनी रही। धाम की गलियों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही और वातावरण भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।



गौरी गोपाल आश्रम में भजन कार्यक्रम के दौरान गायक और श्रद्धालु।

# गौरी गोपाल आश्रम में गूंजे राधारानी के जयकारे

**यूनिक समय, मथुरा।** एकादशी पर गौरी गोपाल आश्रम में ठाकुर श्री केशव देव जी के भक्तों की ओर से दिनभर मिष्ठान प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान गौरी गोपाल भगवान के सम्मुख राधा रानी बधाई उत्सव का आयोजन हुआ। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु जमकर झूमे और परिसर राधारानी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मनमोहन जी आगरा वालों ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। दीपक शर्मा ने 'छोटी सी किशोरी मेरे अंगना में डोले रे' सहित भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु नृत्य करने लगे। पूरे कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। आयोजन की व्यवस्था में महेश अवेरनी, राजकुमार अग्रवाल राजू रद्दी, अजय मास्टर, संजय बुलियन, पीएल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पंकज डिब्बा और पवन फैंसी सहित अन्य भक्तों ने सहयोग किया। दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर राधारानी का आशीर्वाद लिया।

# अग्रवाटिका में धूमधाम से मनाया राधा उत्सव



राधा- कृष्ण के स्वरूपों के साथ अग्रोहा विकास ट्रस्ट महिला समिति की पदाधिकारी।

### राधा जन्मोत्सव पर महिलाओं ने प्रस्तुत किए नृत्य और डांडिया

### संकीर्तन के बाद श्रद्धालुओं को बांटी गई बधाइयां और उपहार

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रवाटिका सरस्वती कुंड में अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति और अग्रोहा विकास ट्रस्ट महिला समिति की ओर से राधा उत्सव भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री रविकांत गर्ग, जयंती प्रसाद, सुभाष (सिक्का वाले), हरिओम अग्रवाल मांट वाले, संस्थापक बालकिशन आढ़तिया, महामंत्री विजय बंसल सर्राफ, विजय कोषाध्यक्ष, विजय उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अनिल (प्रेस वाले), संरक्षिका कल्पना आढ़तिया, मुख्य सलाहकार पुष्पा अग्रवाल और महिमा अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

राधा जन्मोत्सव में बालकिशन आढ़तिया की दौहती ने राधा का रूप धारण कर मुख्य भूमिका निभाई। महिलाओं ने नटखट कृष्ण नृत्य, डांडिया और बधाई गीतों की प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद राधा नाम संकीर्तन हुआ। राधा जन्म की खुशी में कल्पना आढ़तिया और अनिता बंसल ने बधाइयां बांटीं।

कार्यक्रम में अनुराधा, अर्चना, आरती, मधु, अभिलाषा, राधा, रेखा, शीतल, वंदना और नीटू सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

वहीं मुकेश, मनोज, बंटी, अभिषेक, अभिषेक सीए, ब्रजेश पेपर मार्ट और संदीप पोशाक आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम के प्रायोजक शशि अग्रवाल, अनीता और राजकुमारी के सहयोग से सभी प्रतिभागियों को उपहार वितरित किए गए।

# जैन मंदिर चौरासी में दशलक्षण पर्व पर हुई तप धर्म की आराधना



जैन मंदिर चौरासी में दशलक्षण पर्व पर विधान करते श्रावक-श्राविकाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** जैन मंदिर चौरासी में दशलक्षण पर्व के सातवें दिन मंगलवार को उत्तम तप धर्म की आराधना श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई।

धर्मसभा में आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने तप धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि जैन दर्शन में तप का अर्थ केवल उपवास करना नहीं, बल्कि इंद्रियों, इच्छाओं और मन पर संयम रखते हुए आत्मा को शुद्ध करना है।

उन्होंने कहा कि उपवास, एकासन और रस-परित्याग जैसे बाह्य तप के साथ प्रायश्चित्त, विनय, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग आंतरिक तप के महत्वपूर्ण साधन हैं। तप शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि आत्मा को क्रोध, लोभ, मान और मोह जैसे विकारों से मुक्त करने की साधना है। इच्छाओं पर विजय और आत्मसंयम ही आत्मकल्याण का मार्ग है। धर्मसभा में जैन पंचायत अध्यक्ष संजीव जैन, आलोक, पाना शाह, पवन, मनीष गोदरेज, अजय, अरविंद, राजेश, रीना, बबीता, रुचि, सानू, मनीषा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# कोख का सौदा, अब करोड़ों में बिकता मातृत्व

संतान की चाह स्वाभाविक है, लेकिन जब यह चाह बाजार में पहुंच जाए तो इंसानियत का भाव सबसे पहले गिरता है। अब खबरें बता रही हैं कि सीमा पार से युवतियों को मोटी रकम देकर भारत लाया जा रहा है, ताकि वे किसी और परिवार के लिए गर्भ धारण करें और बच्चा पैदा होने के बाद वापस लौट जाएं। यानी रिश्तों की जगह सौदे ने ले ली और मातृत्व का अर्थ एक अनुबंध तक सिमट गया। व्यंग्य देखिए, आधुनिक समाज विज्ञान और तकनीक की मदद से आगे बढ़ रहा है, लेकिन कहीं–कहीं सोच अभी भी उस बाजार तक पहुंच गई है जहां इंसान की कीमत तय होती है। बच्चा चाहिए तो विकल्पों की कमी नहीं–बस जेब में पैसा और नैतिकता को बाहर छोड़ने की जरूरत है। दलाल भी पूरी सुविधा के साथ मौजूद हैं। लड़की चाहिए, मेडिकल चाहिए, कागज चाहिए या सीमा पार कराने की व्यवस्था–हर सेवा का पैकेज उपलब्ध है।



पवन गौतम
संपादक

सबसे भयावह पहलू यह है कि जरूरतमंद युवतियों की मजबूरी को अवसर बना दिया गया है। लाखों रुपये का लालच किसी गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ा आकर्षण हो सकता है। लेकिन क्या गरीबी किसी महिला के शरीर को खरीदने का लाइसेंस देती है? क्या आर्थिक मजबूरी में दी गई सहमति वास्तव में बराबरी की सहमति है? इन सवालों से बचकर कोई भी समाज खुद को सभ्य नहीं कह सकता।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

और यह धंधा केवल सीमा पार के दलालों का मामला नहीं है। इसके पीछे मांग है, पैसा है और वह मानसिकता है जो संतान की इच्छा को किसी भी कीमत पर पूरा करना चाहती है। संतान चाहिए, लेकिन उस प्रक्रिया में जिस महिला का शरीर, स्वास्थ्य और भविष्य दांव पर लग रहा है, उसकी चिंता कितनी है?

कानून मानव तस्करी और शोषण पर रोक लगाने के लिए मौजूद हैं, मगर कानून तभी प्रभावी होंगे जब जांच एजेंसियां ऐसे नेटवर्क की तह तक पहुंचें। जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मिले, ताकि मजबूरी उनके शरीर का सौदा करने पर मजबूर न करे।

सवाल सिर्फ यह नहीं कि बच्चा किसका होगा। सवाल यह है कि इस बच्चे के आने की कीमत किस इंसान ने चुकाई? अगर जवाब किसी मजबूर महिला की जिंदगी है, तो यह संतान की खुशी नहीं, समाज के जमीर की कीमत है।

## नजरिया

# निर्वासन का नया भूगोल बना रहा है अमेरिका

बोध प्रकाश सगुणी



अमेरिका की आव्रजन नीति में इन दिनों जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह केवल सीमा पर सख्ती या अवैध प्रवासियों के निर्वासन तक सीमित नहीं है। असली बदलाव उस सवाल में छिपा है कि अमेरिका से निकाले जाने के बाद किसी व्यक्ति की मंजिल कौन तय करेगा? अमेरिकी प्रशासन अब कुछ मामलों में ऐसे लोगों को उनके मूल देश की बजाय तीसरे देशों में भेज रहा है, जिनका उन देशों से कोई सीधा संबंध नहीं है। वॉशिंगटन पोस्ट की एक विस्तृत पड़ताल के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने ऐसे समझौतों के लिए कम से कम 410 मिलियन डॉलर यानी करीब 3,400 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत या प्रतिबद्ध की है और 31 देशों के साथ व्यवस्थाएं की गई हैं।

यहां कहानी सिर्फ निर्वासन की नहीं, बल्कि उस पूरी व्यवस्था की है जिसमें धन, कूटनीति और अमेरिकी प्रभाव एक साथ काम करते दिखाई देते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग में एक नया कार्यालय तीसरे देशों को ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने के लिए तैयार करने में जुटा है, जिनके अपने देश उन्हें वापस लेने से इनकार कर रहे हैं या जिनकी वापसी को लेकर कानूनी अड़चनें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस कार्यालय का नेतृत्व क्रिश्चियन एरहार्ट कर रहे हैं और इस अभियान पर व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर का प्रभाव बताया गया है।

अमेरिका की शरणार्थी नीति का पारंपरिक आधार उन लोगों को संरक्षण देना रहा है, जिन्हें अपने देशों में उत्पीड़न या खतरे का सामना करना पड़ता है। लेकिन ट्रंप प्रशासन ने आव्रजन नीति की दिशा को काफी हद तक निर्वासन और सीमा नियंत्रण की ओर मोड़ा है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग के जनसंख्या, शरणार्थी और प्रवासन ब्यूरो के भीतर बनाया गया 'ऑफिस ऑफ रिमाइग्रेशन' अब तीसरे देशों के साथ निर्वासन संबंधी समझौतों पर काम कर रहा है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो अमेरिका ने कम से कम 25 हजार लोगों को 28 तीसरे देशों में भेजा है। इनमें लगभग 20 हजार लोग मेक्सिको भेजे गए हैं, जबकि अन्य लोग अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विभिन्न देशों में पहुंचे हैं। कुछ मामलों में भेजे गए लोगों का संबंधित देश से कोई पारिवारिक, नागरिक या भौगोलिक संबंध नहीं था। कोस्टा रिका भेजी गई उड़ानों में चीन, रूस, ईरान और अफगानिस्तान के नागरिकों का होना तथा इस्वातिनी भेजे गए लोगों में वियतनाम, लाओस, क्यूबा और जमैका के नागरिक शामिल होना इस व्यवस्था की प्रकृति को स्पष्ट करता है।

सबसे महत्वपूर्ण सवाल यहां धन का है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने 13 विदेशी सरकारों को सीधे कम से कम 81 मिलियन डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के लिए 179 मिलियन डॉलर और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के लिए 124 मिलियन डॉलर के अनुदान का प्रावधान बताया गया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार इन संस्थाओं को सीधे निर्वासन समझौतों का पक्षकार नहीं बताया गया है, लेकिन संबंधित देशों के साथ बातचीत में इन वित्तीय प्रावधानों को प्रोत्साहन के रूप में जोड़े जाने की बात सामने आई है।

यहीं से नीति का मानवीय और कानूनी पक्ष और जटिल हो जाता है। अगर कोई व्यक्ति अपने मूल देश लौटने पर उत्पीड़न, यातना या अन्य गंभीर खतरे का सामना कर सकता है, तो उसे किसी तीसरे देश में भेजना अपने आप में समस्या का समाधान नहीं है। सवाल यह है कि तीसरे देश में पहुंचने के बाद उसकी सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? और यदि वहां से उसे दोबारा उसके मूल देश भेज दिया जाए, तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी?

इसी मुद्दे पर अमेरिकी अदालतों में भी सवाल उठे हैं। 18 सितंबर को संघीय अपीली अदालत ने उस नीति के खिलाफ फैसला बरकरार रखा जिसमें लोगों को तीसरे देशों में भेजने से पहले उन्हें पर्याप्त सूचना और अपने संभावित खतरे के बारे में दावा रखने का अवसर नहीं दिया जा रहा था। अदालत ने उचित प्रक्रिया के महत्व पर जोर दिया। प्रशासन इस मामले को आगे उच्चतम न्यायालय में ले जा सकता है। इस पूरी व्यवस्था का एक दूसरा पहलू भी है। तीसरे देशों को प्रवासियों को स्वीकार करने के लिए तैयार करने में अमेरिका केवल कानूनी या मानवीय तर्कों पर निर्भर नहीं है। आर्थिक सहायता, विकास परियोजनाएं और अन्य कूटनीतिक संबंध भी इस प्रक्रिया से जुड़े दिखाई देते हैं। वॉशिंगटन पोस्ट की पड़ताल में ऐसे समझौतों का उल्लेख है जिनमें विभिन्न देशों के लिए आर्थिक सहायता और संस्थागत परियोजनाओं से जुड़े प्रावधान शामिल हैं। इससे अमेरिका की विदेश नीति का एक नया आयाम सामने आता है। कोई देश यदि अमेरिकी सहायता पर निर्भर है, तो क्या वह निर्वासित लोगों को स्वीकार करने के लिए अप्रत्यक्ष दबाव महसूस करेगा? और यदि आर्थिक सहायता किसी निर्वासन समझौते से जोड़ दी जाए तो क्या यह वास्तव में स्वतंत्र कूटनीतिक सहमति कहलाएगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि वे देश भी तलाश रहे हैं जिन्हें इन समझौतों का हिस्सा बनाया जा रहा है। पनामा और इक्वेटोरियल गिनी के उदाहरण इस बहस को और गंभीर बनाते हैं। कुछ लोगों को ऐसे देशों में भेजा गया जहां उन्हें भाषा, रोजगार, कानूनी स्थिति और भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ा। इक्वेटोरियल गिनी में कुछ निर्वासित लोगों की हिरासत और वहां की परिस्थितियों को लेकर मानवाधिकार संगठनों तथा वकीलों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों पर अमेरिकी प्रशासन और संबंधित सरकारों के पक्ष भी ध्यान में रखना जरूरी है। यह भी ध्यान रखना होगा कि अमेरिकी प्रशासन इस नीति को अपनी आव्रजन रणनीति का हिस्सा मानता है। उसका तर्क है कि जिन लोगों के खिलाफ अंतिम निर्वासन आदेश हैं और जिन्हें उनके मूल देश वापस लेने को तैयार नहीं हैं, उनके लिए तीसरे देश का विकल्प आवश्यक हो सकता है। प्रशासन यह भी कहता है कि यह व्यवस्था ऐसे मामलों में इस्तेमाल की जा रही है जहां व्यक्ति को मूल देश भेजना संभव नहीं है। लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी नीति की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जा सकती कि कितने लोगों को सीमा से बाहर भेज दिया गया। यह भी देखना होगा कि उन्हें कहां भेजा गया, वहां उनके अधिकार क्या रहे, उन्हें कानूनी सहायता मिली या नहीं और क्या उन्हें ऐसे देश में भेजे जाने से पहले अपनी सुरक्षा संबंधी आशंकाएं रखने का वास्तविक अवसर मिला। आखिरकार सवाल अमेरिका की सीमा से कहीं बड़ा है। यदि दुनिया की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक अपने यहां से निकाले गए व्यक्ति की अगली मंजिल किसी तीसरे देश में तय करने लगे और उसके लिए आर्थिक समझौतों का सहारा ले, तो यह वैश्विक प्रवासन व्यवस्था की दिशा बदल सकता है। आज यह नीति अमेरिका से बाहर जाने वाले लोगों तक सीमित दिखाई दे सकती है, लेकिन कल दूसरे देश भी इसी मॉडल को अपनाने लगें तो अंतरराष्ट्रीय शरण व्यवस्था की बुनियाद पर बड़ा असर पड़ सकता है। सीमा की सुरक्षा किसी भी देश का अधिकार है। अवैध प्रवासन पर नियंत्रण भी सरकारों की जिम्मेदारी है। लेकिन इसके साथ यह प्रश्न हमेशा बना रहना चाहिए कि किसी इंसान को एक देश से निकालना और उसे कहीं भी पहुंचा देना-क्या दोनों बातें एक ही हैं? निर्वासन का अर्थ केवल विमान में बैठाकर सीमा पार कराना नहीं हो सकता। उसके साथ कानून, सुरक्षा, गरिमा और मानवाधिकार भी यात्रा करते हैं। अमेरिका की नई नीति की असली परीक्षा भी इसी कसौटी पर होगी।

## विचार विंडो

# साफ हवा–पानी की कीमत कौन चुकाएगा?

राम प्रकाश शर्मा



जलवायु संकट आज केवल पर्यावरण का सवाल नहीं रह गया है। यह अर्थव्यवस्था, रोजगार, महंगाई, सामाजिक न्याय और सरकारों पर भरोसे से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। दुनिया का बड़ा हिस्सा मानता है कि बढ़ते तापमान, प्रदूषण और बदलते मौसम से निपटना जरूरी है, लेकिन जब इसके लिए कड़े कदम उठाने की बात आती है तो समाज के भीतर मतभेद सामने आने लगते हैं। यही विरोधाभास जलवायु नीति की सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

समस्या यह है कि एक तरफ सरकारें लोगों से स्वच्छ ऊर्जा, कम कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरण संरक्षण के लिए त्याग करने की अपेक्षा करती हैं, दूसरी तरफ करोड़ों परिवार पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी जरूरतों के दबाव में हैं। ऐसे परिवारों के लिए जलवायु परिवर्तन भले ही गंभीर खतरा हो, लेकिन रसोई का खर्च, रोजगार और बिजली–पानी की उपलब्धता तत्काल चिंता है। इसलिए पर्यावरणीय बदलाव की कीमत यदि आम आदमी की जेब से वसूली जाएगी तो उसका विरोध स्वाभाविक है।

हाल में सामने आए एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण ने इसी असुरक्षा की ओर ध्यान खींचा है। 17 देशों में किए गए सर्वे में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने देशों में आर्थिक असमानता को गंभीर समस्या माना। अधिकांश लोगों का यह भी मानना था कि मौजूदा आर्थिक व्यवस्था का लाभ अमीर और ताकतवर वर्ग को अधिक मिलता है। जब लोगों को लगता है कि विकास का लाभ समान रूप से नहीं पहुंच रहा, तब सरकारों की ओर से किसी बड़े बदलाव के लिए मांगा गया सहयोग भी संदेह की नजर से देखा जाता है। यही कारण है कि जलवायु नीति को केवल कार्बन उत्सर्जन घटाने के आंकड़ों तक सीमित नहीं किया जा सकता। सवाल यह होना चाहिए कि संक्रमण की लागत कौन उठाएगा और उसका लाभ किसे मिलेगा। यदि प्रदूषण कम करने के नाम पर ईंधन, बिजली या परिवहन महंगा होता है और इसका सबसे अधिक असर निम्न आय वाले परिवारों पर पड़ता है, जबकि बड़े प्रदूषक अपेक्षाकृत कम कीमत चुकाते हैं, तो ऐसी नीति लंबे समय तक सामाजिक समर्थन हासिल नहीं कर सकती। वास्तव में पर्यावरण और विकास को आमने–सामने खड़ा करना भी सही रास्ता नहीं है। साफ हवा और स्वच्छ पानी कोई विलासिता नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की बुनियादी जरूरत हैं। दूसरी ओर रोजगार, उद्योग, सड़क, बिजली और आर्थिक अवसर भी समाज की आवश्यकताएं हैं। असली चुनौती इन दोनों के बीच संतुलन बनाने की है। ऐसा विकास चाहिए जिसमें उद्योग बढ़ें, रोजगार पैदा हों और साथ ही हवा–पानी की गुणवत्ता भी खराब न हो।

इसके लिए सरकारों को अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करनी होंगी। स्वच्छ ऊर्जा में निवेश केवल पर्यावरणीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा करने की योजना भी बन सकता है। सार्वजनिक परिवहन मजबूत किया जाए तो प्रदूषण घटने के साथ आम लोगों का परिवहन खर्च भी कम हो सकता है। ऊर्जा दक्षता बढ़ाने से उद्योगों की लागत घट सकती है। शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल स्रोतों को बचाने और कचरा प्रबंधन सुधारने से पर्यावरण के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य को भी लाभ मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न भरोसे का है। पिछले दशकों में आर्थिक नीतियों से पैदा हुई असमानता और बार–बार आए आर्थिक झटकों ने आम नागरिकों के भीतर यह धारणा मजबूत की है कि संकट आने पर उसका बोझ समाज के कमजोर वर्गों पर डाल दिया जाता है। इसलिए जलवायु नीति की सफलता केवल वैज्ञानिक लक्ष्यों से तय नहीं होगी। यह भी देखना होगा कि नीति कितनी न्यायपूर्ण है और उसका बोझ किस वर्ग पर पड़ रहा है।

समाज में बढ़ता विभाजन इस चुनौती को और कठिन बनाता है। आय के आधार पर बढ़ती दूरी, राजनीतिक ध्रुवीकरण, प्रवासियों और स्थानीय आबादी के बीच तनाव तथा जलवायु परिवर्तन को लेकर अलग–अलग धारणाएं सामूहिक निर्णयों की राह में बाधा बनती हैं। जलवायु संकट का स्वरूप ऐसा है कि उसका समाधान लंबे समय में दिखाई देता है, जबकि उसकी लागत कई बार तुरंत सामने आती है। इसलिए जनता को केवल भविष्य के खतरे का डर दिखाकर साथ नहीं जोड़ा जा सकता। जरूरत ऐसी नीति की है जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिले, नए रोजगार पैदा हों और बड़े प्रदूषकों की जवाबदेही तय हो। सरकारों को यह भरोसा दिलाना होगा कि पर्यावरण संरक्षण का मतलब आम परिवार की परेशानियां बढ़ाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करना है। साफ हवा और साफ पानी बनाम विकास का सवाल वास्तव में गलत ढंग से रखा गया सवाल है। सही प्रश्न यह है कि कैसा विकास हो, किसके लिए हो और उसकी कीमत कौन चुकाए। यदि विकास की दिशा ऐसी हो जिसमें आर्थिक अवसरों के साथ पर्यावरणीय सुरक्षा और सामाजिक न्याय भी शामिल हों, तो जलवायु कार्रवाई बोझ नहीं बल्कि बेहतर भविष्य का आधार बन सकती है। मगर इसके लिए नीतियों में पारदर्शिता, लागत का न्यायपूर्ण बंटवारा और जनता का भरोसा–तीनों जरूरी होंगे।

# एशियन गेम्स में भारत का पहला गोल्ड महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

## श्रीलंका को 147 रन से हराकर हरमनप्रीत कौर की टीम बनी चैंपियन

## भारत के खाते में पहुंचे 7 मेडल




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 के तीसरे दिन भारत ने आखिरकार अपना पहला गोल्ड मेडल जीत लिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 के गोल्ड मेडल मुकाबले में श्रीलंका को 147 रनों से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 216 रन बनाए थे, जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम महज 69 रन पर ऑलआउट हो गई। इस शानदार जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत के कुल पदकों की संख्या अब 7 हो गई है। भारतीय टीम ने मुकाबले में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका के सामने 217 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई।

इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल कर लिया। भारत के लिए वुशु से भी अच्छी खबर आई। महिला 60 किलोग्राम वर्ग में रोशिबिना देवी ने मकाऊकी मैन सिन चू को पॉइंट के अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। उनकी इस जीत के साथ भारत का वुशु में एक और मेडल पक्का हो गया है। हालांकि, अब उनकी नजरें फाइनल में पहुंचकर पदक का रंग बदलने पर होंगी। बैडमिंटन में भी भारत ने मेडल की उम्मीद मजबूत की। पुरुष टीम इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भारत ने जापान को 3–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आयुष शेट्टी ने कोकी वातानाबे को 21–10, 21–19 से हराया, जबकि इससे पहले लक्ष्य सेन ने कोडाई नाराओका को मात देकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी अहम मुकाबला जीतकर टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। हॉकी में भी भारतीय पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारत ने श्रीलंका को 16–1 से हराया।

जुगराज सिंह ने चार गोल किए, जबकि अभिषेक और दिलप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को चार बार के एशियन गेम्स चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। वहीं, कबड्डी में भारत ने दक्षिण कोरिया को 63–31 से हराकर ग्रुप ए में अपनी स्थिति मजबूत की। दूसरी ओर महिला टेबल टेनिस टीम को नॉर्थ कोरिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 0–3 से हार का सामना करना पड़ा। शूटिंग में एलावेनिल वलारिवान और पार्थ माने की जोड़ी चौथे स्थान पर रही और पदक से चूक गई।




# लंबे बालों में जायद खान का नया लुक वायरल

## अदनान सामी की म्यूजिकल गैदरिंग में दिखे अभिनेता

## सोशल मीडिया पर यूजर्स ने हैरी पॉटर के किरदार से की तुलना



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जायद खान इन दिनों अपने नए लुक को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। सिंगर अदनान सामी ने सोमवार, 21 सितंबर को अपने घर पर परिवार और इंडस्ट्री के करीबी दोस्तों के लिए एक छोटी सी म्यूजिकल गैदरिंग रखी थी। इसमें रोहित रॉय, जायद खान, शान, जावेद अली और इरफान पठान समेत कई कलाकार शामिल हुए। अदनान सामी ने इस खास शाम का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें सभी 'मैंने पूछा चांद से' गाने पर मस्ती करते नजर आए। इसी दौरान जायद खान के बदले हुए लुक ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा।

वीडियो में जायद खान पूरे काले रंग के आउटफिट, हाई नेक, टिंटेड सनग्लास और कंधे तक लंबे सीधे बालों में नजर आए। उनका यह अंदाज देखकर कई फैंस को 'हैरी पॉटर' के मशहूर किरदार प्रोफेसर स्नेप की याद आ गई। सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके लुक की तुलना स्पेन से करनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा कि अगर भारत में कभी 'हैरी पॉटर' का रीमेक बनता है तो प्रोफेसर स्पेन के किरदार के लिए जायद खान को कास्ट किया जाना चाहिए। वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि पहली नजर में उन्हें लगा जैसे प्रोफेसर स्पेन ही सामने आ गए हों। कुछ लोगों ने उनके लंबे बालों की तारीफ भी की। जायद खान काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। वह आखिरी बार 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'शराफत गई तेल लेने' में नजर आए थे। 2023 में उन्होंने फिल्मों में वापसी का ऐलान किया था, लेकिन उनके आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। निजी जिंदगी की बात करें तो 2025 में जायद की मां जरीन खान का निधन हो गया था। परिवार ने उनकी आखिरी इच्छा के अनुसार हिंदू रीति–रिवाज से अंतिम संस्कार किया था। बाद में जायद ने इस फैसले पर सफाई भी दी थी।

# रानी मुखर्जी की मां कृष्णा मुखर्जी का निधन


## कृष्णा मुखर्जी खुद भी थीं पूर्व प्लेबैक सिंगर



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की मां और पूर्व प्लेबैक सिंगर कृष्णा मुखर्जी का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। परिवार की ओर से मंगलवार को उनके निधन की जानकारी दी गई। बताया गया कि कृष्णा मुखर्जी ने मंगलवार दोपहर आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर सामने आने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। परिवार ने इस मुश्किल समय में लोगों से निजता बनाए रखने की अपील की है और कृष्णा मुखर्जी को मिल रहे प्यार, प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए सभी का आभार जताया है। रानी मुखर्जी अपनी मां के बेहद करीब थीं और कई मौकों पर वह उनके साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात कर चुकी हैं। रानी के लिए कृष्णा मुखर्जी सिर्फ परिवार का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि उनके जीवन और अभिनय के सफर में सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक थीं। खास तौर पर फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में रानी के अभिनय पर उनकी मां का प्रभाव साफ नजर आया। 2023 में फिल्म के प्रमोशन के दौरान रानी ने बताया था कि फिल्म में एक बंगाली मां का किरदार निभाते समय उन्हें अपनी मां से काफी प्रेरणा मिली। फिल्म में उन्होंने अपने बच्चों को वापस पाने के लिए संघर्ष करने वाली मां की भूमिका निभाई थी। रानी ने बताया था कि उनकी मां बंगाली संस्कृति से बेहद गहराई से जुड़ी थीं। बच्चों को अपने हाथ से खाना खिलाने से लेकर माथे पर टीका लगाने तक उनकी छोटी–छोटी आदतों ने रानी को मां के किरदार को समझने में मदद की। रानी ने अपनी मां को याद करते हुए कहा था कि वह उनके लिए सबसे ज्यादा बंगाली लोगों में से एक थीं। कृष्णा मुखर्जी का फिल्म इंडस्ट्री से रिश्ता सिर्फ रानी की मां होने तक सीमित नहीं था। वह खुद भी पूर्व प्लेबैक सिंगर थीं और संगीत के क्षेत्र में काम कर चुकी थीं। उनकी शादी फिल्ममेकर राम मुखर्जी से हुई थी, जो लंबे समय तक हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े रहे और फिल्मालय स्टूडियोज के सह–संस्थापकों में शामिल थे। राम मुखर्जी का 2017 में निधन हो गया था। रानी अपने करियर में कई यादगार किरदार निभा चुकी हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी में मां की भूमिका हमेशा बेहद खास रही। कृष्णा मुखर्जी ने बेटी के अभिनय सफर को करीब से देखा और उन्हें लगातार प्रेरित किया। अब उनके निधन के बाद परिवार और करीबियों के लिए यह बेहद भावुक समय है। परिवार ने लोगों से दुख की इस घड़ी में उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की है।

# नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में ममूटी और यामी गौतम का जलवा

## 'ब्रमायुगम' के लिए ममूटी बने बेस्ट एक्टर, 'आर्टिकल 370' के लिए यामी को मिला सम्मान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन 22 सितंबर को गुजरात के एकता नगर, केवड़िया में किया गया। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2024 में रिलीज हुई फिल्मों और उनके कलाकारों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। इस बार समारोह पहली बार नई दिल्ली से बाहर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों और तकनीकी विशेषज्ञों की मौजूदगी रही।

मलयालम फिल्म 'ब्रमायुगम' में शानदार अभिनय के लिए दिग्गज अभिनेता ममूटी को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। वहीं हिंदी फिल्म 'आर्टिकल 370' में दमदार अभिनय के लिए यामी गौतम को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। उन्हें रजत कमल के साथ दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिली।

'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार भी मिला, जबकि इसके निर्देशक आदित्य सुहास जांभले और प्रोड्यूसर्स को स्वर्ण कमल और तीन लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके लंबे और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# जापान को हराते ही टीम इंडिया फिर बनी नंबर वन

## भारत और इंग्लैंड दोनों की रेटिंग 269 दशमलव के अंकों ने बदली तस्वीर

## एशियन गेम्स में 28 सितंबर को उतरेगी भारतीय टीम




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने एक बार फिर आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर वन की कुर्सी हासिल कर ली है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत ने एशियन गेम्स से पहले जापान को रोमांचक मुकाबले में हराकर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले इंग्लैंड ने भारत को पीछे छोड़कर नंबर वन का स्थान हासिल किया था, लेकिन उसकी बादशाहत ज्यादा दिन नहीं चल सकी।

जापान के खिलाफ जीत के साथ ही भारतीय टीम ने फिर से शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया। आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत की रेटिंग 269 है और उसे एक स्थान का फायदा हुआ है। वहीं इंग्लैंड भी 269 रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमों की रेटिंग बराबर होने के बावजूद दशमलव तक के अंकों में भारत आगे है, जिसकी वजह से टीम इंडिया को नंबर वन स्थान मिला है। इंग्लैंड ने हाल ही में श्रीलंका को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया था, लेकिन भारत की जीत के बाद उसे दूसरे पायदान पर खिसकना पड़ा। जापान के खिलाफ मुकाबला बारिश से प्रभावित रहा और इसे सिर्फ पांच ओवर का कर दिया गया था।

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार ओवर में 32 रन बनाए। इसके जवाब में जापान की टीम पांच ओवर में तीन विकेट खोकर 30 रन ही बना सकी। इस तरह भारत ने यह मुकाबला महज दो रन से अपने नाम किया। इस जीत का सीधा फायदा टीम की टी20 रैंकिंग में देखने को मिला। अब भारतीय टीम की नजर एशियन गेम्स पर है। भारत को प्रतियोगिता में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है और टीम 28 सितंबर को अपना मुकाबला खेलेगी। वहीं इंग्लैंड अब नवंबर में ही अगला टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेलेगा। ऐसे में एशियन गेम्स में भारतीय टीम के पास अपनी रैंकिंग बढ़त को मजबूत करने का मौका होगा।

# यूपी के बंटवारे पर फिर बोले राजभर कहा, बन सकता हूं पूर्वांचल का सीएम

### यूपी के चार हिस्सों में बंटवारे की फिर उठाई मांग



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने एक बार फिर यूपी के बंटवारे का मुद्दा उठाया है।
राजभर ने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश चार हिस्सों में बंट सकता है। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर पूर्वांचल अलग राज्य बनता है तो वह खुद वहां के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। ओपी राजभर ने कहा, "बंटवारा तो होगा, मैं भी पूर्वांचल का सीएम बन सकता हूं।" उन्होंने उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटने की जरूरत की बात दोहराई। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि राज्य के विभाजन की प्रक्रिया कब और किस तरह पूरी होगी। राजभर ने इस दौरान अखिलेश यादव पर राम मंदिर को लेकर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं, उन्हें भगवान राम का आशीर्वाद कैसे मिलेगा। राजभर ने दावा किया कि भगवान राम बीजेपी और एनडीए के साथ हैं, क्योंकि एनडीए सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया है। उन्होंने अखिलेश यादव के मंदिर नहीं जाने को लेकर भी सवाल उठाए। सरकारी नौकरियों के मुद्दे पर भी राजभर ने पिछली सरकारों को घेरा। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा सरकार में बिना पैसे के नौकरियां मिल रही हैं और पिछली सरकारों में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लिए जाते थे। राजभर पहले भी सपा सरकार के कार्यकाल में नौकरियों में कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने हाल में योगी सरकार के दौरान करीब 9.5 लाख सरकारी नौकरियां दिए जाने का दावा भी किया था। अब यूपी को चार हिस्सों में बांटने की उनकी मांग और पूर्वांचल के संभावित मुख्यमंत्री के तौर पर खुद का नाम लेने वाला बयान चर्चा में है।

## सपा दफ्तर के बाहर अखिलेश यादव का पोस्टर चर्चा में


### हनुमान जी के सामने हाथ जोड़कर बैठे दिखे अखिलेश यादव



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने के बीच लखनऊ में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर लगा एक पोस्टर चर्चा में है। पोस्टर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भगवान हनुमान के सामने हाथ जोड़कर बैठे हुए दिखाया गया है। हनुमान जी को उन्हें आशीर्वाद देते हुए दर्शाया गया है।
पोस्टर पर 'विजय भवः 2027' लिखा है। पोस्टर के जरिए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा प्रमुख के लिए जीत की कामना का संदेश दिया गया है। हालांकि, यह पोस्टर किसने लगवाया, इसकी जानकारी खबर में नहीं दी गई है। इससे पहले अखिलेश यादव ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा था कि सपा हर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी के 27 हजार वोट कम करने के लक्ष्य के साथ काम करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों के घर-घर जाकर उनकी समस्याएं समझने और तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया था। यूपी में 2027 की शुरुआत।

## 9 साल में 9.5 लाख युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

### 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया पर भी साधा निशाना



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 9.5 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में ही 5 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।
उन्होंने कहा कि 2017 से पहले ऐसी स्थिति थी कि परीक्षा कोई देता था और नौकरी किसी और को मिल जाती थी। सीएम ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर पिछली व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए और कहा कि अब नियुक्तियां पारदर्शी तरीके से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के कौशल विकास के लिए औद्योगिक घरानों के साथ मिलकर नए कार्यक्रम चला रही है। योगी ने शिक्षकों और शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर भी सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता या शिक्षक से लेनदेन की मांग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उसे जेल जाना पड़ेगा।

## शादी के 20 घंटे बाद कमरे में मिले दोनों के शव

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज




**यूनिक समय, सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में शादी के महज 20 घंटे बाद नवविवाहित दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है।
घटना बांसी कोतवाली क्षेत्र के जनियाजोत गांव की है। मंगलवार सुबह कमरे में 21 वर्षीय देशराज चौहान का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला, जबकि उसकी 19 वर्षीय पत्नी अनीता बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी।
दोनों का सोमवार दोपहर टेकधर मंदिर में विवाह हुआ था। इसके बाद घर में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया और परिवार के लोग सोने चले गए। सुबह देशराज की मौसी कमरे में पहुंचीं तो दरवाजा खुला था और दोनों के शव देखकर शोर मचाया।
सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। मामले की जांच जारी है।

## ढाबे पर रोटी बनाते समय थूकने का आरोप

### बागपत के खेकड़ा थाना क्षेत्र का मामला

### वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने लिया संज्ञान



**यूनिक समय, बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। खेकड़ा थाना क्षेत्र के रटौल चौकी के पास स्थित एक ढाबे पर काम करने वाले युवक पर रोटी बनाते समय उसमें थूकने का आरोप लगा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान महताब पुत्र सिराजुद्दीन, निवासी रटौल के रूप में हुई है। वायरल वीडियो में युवक रोटी बनाते समय कथित तौर पर उस पर थूकता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। बागपत पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, खेकड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो से जुड़े तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

## राम मंदिर चढ़ावा गड़बड़ी मामले में एसआईटी जांच पूरी

### सीसीटीवी फुटेज में 105 बार बिना अनुमति नकदी निकालने या छिपाने के मामले सामने आए




**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दान की रकम में कथित गड़बड़ी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी जांच पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, मामले में 25 सितंबर 2026 तक चार्जशीट दाखिल की जा सकती है। एसआईटी ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान, बैंक रिकॉर्ड, मोबाइल डेटा और अन्य दस्तावेजों की जांच की है। मामला मंदिर में आने वाले चढ़ावे और दान की रकम को कथित तौर पर बिना अनुमति निकालने या छिपाने के आरोपों से जुड़ा है। अयोध्या के राम जन्मभूमि थाने में 25 जून 2026 को आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मंदिर परिसर के पीएफसी भवन स्थित काउंटिंग रूम के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की गई। एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार, फुटेज में 105 ऐसे मामले सामने आए, जिनमें काउंटिंग रूम से नकदी को बिना अनुमति निकालने या छिपाने की बात सामने आई। जांच में कुछ अन्य लोगों की मदद किए जाने की बात भी सामने आई है। सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आठ आरोपियों की पहचान की गई है। उनकी बैंक में जमा रकम और संपत्ति से जुड़ी जानकारी भी रिपोर्ट में शामिल की गई है। वहीं, एसआईटी ने 803 कीमती सामान की रसीदों और रिकॉर्ड की जांच की। ये सामान भारतीय स्टेट बैंक के लॉकर में रखे हैं और जांच के दौरान इनमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं मिली। इसके अलावा 86 ऐसे कीमती सामान की भी पहचान की गई, जिनकी रसीद जारी नहीं हुई थी। इनका अलग से भौतिक सत्यापन किया गया। जांच में करीब 944.411 किलो सफेद धातु, जिसे चांदी बताया गया है, उससे जुड़े रिकॉर्ड की भी पड़ताल की गई। मीडिया और सोशल मीडिया में सामने आए चांदी के दान से जुड़े दावों की जांच करते हुए 200 किलो और 38.288 किलो चांदी की ईंटें, चांदी की माला, चरण पादुका और रामचरितमानस से जुड़े दान की भी जांच की गई, जिसमें एसआईटी के मुताबिक कोई गड़बड़ी नहीं मिली। एसआईटी ने 14 सितंबर 2026 तक कुल 173 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इनमें ट्रस्ट अधिकारी, लेखा विभाग के कर्मचारी, बैंक अधिकारी, सुरक्षा कर्मी, सीसीटीवी ऑपरेटर और चार्टर्ड अकाउंटेंट समेत अन्य संबंधित लोग शामिल हैं।

## लिफ्ट में युवक ने की शर्मनाक हरकत

### इंदिरापुरम की शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसायटी का बताया जा रहा वीडियो

### लोगों ने कार्रवाई की मांग की



**यूनिक समय, गाजियाबाद।** इंदिरापुरम की शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसायटी से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे सीसीटीवी वीडियो में एक युवक लिफ्ट के अंदर कथित तौर पर पेशाब करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में युवक लिफ्ट में आता है और कुछ देर बाद वहां गंदगी करता दिखाई देता है। सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावे के मुताबिक, युवक नशे की हालत में था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि युवक इसी सोसायटी का निवासी है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोसायटी के लोगों में नाराजगी है और वे संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह की हरकत से सोसायटी की स्वच्छता और माहौल प्रभावित होता है।

# तेलंगाना में नवजात वार्ड में लगी आग, तीन बच्चों की मौत



## एसी में शॉर्ट सर्किट के बाद धुआं भरने से मची अफरातफरी

## 20 से अधिक बच्चों को दूसरे अस्पतालों में कराया भर्ती

## उपचार के दौरान दो और बच्चों ने तोड़ा दम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के आदिलाबाद स्थित राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरआईएमएस) के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में सोमवार देर रात आग लगने से तीन नवजात बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में एक बच्चा महज पांच दिन का था। हादसे के बाद अस्पताल में अफरातफरी मच गई। दमघोंटू धुएं से कई बच्चों की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद 20 से अधिक नवजातों को तत्काल दूसरे अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया।

घटना सोमवार रात करीब 11:40 बजे नवजात वार्ड में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वार्ड में लगे एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के बाद तेज धमाका हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते वार्ड धुएं से भर गया। उस समय वहां करीब 24 नवजात भर्ती थे। सूचना मिलते ही अस्पताल का मेडिकल स्टाफ, पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। आग पर जल्द काबू पा लिया गया और बच्चों को वार्ड से बाहर निकाला गया।

बचाव अभियान के दौरान करीब 26 सप्ताह के एक प्रीमैच्योर बच्चे की मौत हो गई थी। इसके बाद गंभीर हालत में बच्चों को निजामाबाद समेत आसपास के अस्पतालों में भेजा गया। मंगलवार को उपचार के दौरान दो और नवजातों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। अन्य बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है।

हादसे की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर राजर्षि शाह और पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन आरआईएमएस पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में आग लगने के तकनीकी कारणों के साथ अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था और संभावित लापरवाही के पहलुओं को भी देखा जाएगा।

# वंदे मातरम् के छह अंतरों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



## कोर्ट ने केंद्र से जवाब तलब किया

## छह अंतरे अनिवार्य करने के सर्कुलर को दी गई है चुनौती

## न गाने पर सजा के प्रावधान की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** वंदे मातरम् के छह अंतरे गाना अनिवार्य करने के केंद्र सरकार के सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने केंद्र सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। अदालत ने विशेष रूप से वंदे मातरम् नहीं गाने पर कानूनी या आपराधिक सजा के किसी प्रावधान की जांच की जरूरत बताई। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एस. मुरलीधर ने कहा कि करीब 80 साल बाद पहली बार वंदे मातरम् को इस तरह अनिवार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी निर्णय को लागू करने से पहले लोगों की राय और व्यापक सहमति पर विचार किया जाना चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति बागची ने भी कहा कि इस पहलू पर विचार जरूरी है।

वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने नोटिस जारी नहीं करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता को संकीर्ण नजरिए से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि वंदे मातरम् के दो पद गाए जाएं या छह, यह सरकार के अलावा कौन तय कर सकता है।

# दूषित पानी से दो मौतें छह इंजीनियर निलंबित

## ज्योलिकोट समेत कई गांवों में बीमारी फैलने से हड़कंप

## हाईकोर्ट ने स्वच्छ पानी और इलाज सुनिश्चित कराया



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के ज्योलिकोट क्षेत्र में दूषित पेयजल की आपूर्ति से बीमारी फैलने और दो लोगों की मौत के मामले में छह इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई हुई। अधिकारियों पर सरकारी जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का आरोप है।

निलंबित अधिकारियों में जल संस्थान के हल्द्वानी प्रभारी अधीक्षण अभियंता, नैनीताल के सहायक अभियंता और अपर सहायक अभियंता तथा पेयजल निगम के भीमताल अधिशासी अभियंता, प्रभारी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं। नैनीताल जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को चेतावनी भी दी गई है।

ज्योलिकोट के अलावा बेलुवाखान, गेठिया, सड़ियाताल, दुर्गापुर, गंजा, वीरभट्टी और छीना गांव प्रभावित हुए। कई लोगों में पीलिया के मामले सामने आए। बीमारी से 16 वर्षीय छात्र और 26 वर्षीय महिला की मौत हुई। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य दल, डॉक्टर और एंबुलेंस तैनात किए। घर-घर क्लोरीन की गोलियां और ओआरएस बांटे गए। हाई कोर्ट ने मामले में स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधाएं और पानी के नमूनों की स्वतंत्र प्रयोगशालाओं से जांच कराने के निर्देश दिए थे।

# केरल कॉलेज में एबीवीपी की छात्रसंघ चुनाव में क्लीन स्वीप



## त्रिपुनिथुरा संस्कृत कॉलेज में सभी प्रमुख पदों पर जीत

## एसएफआई के लंबे वर्चस्व वाले परिसर में बदले समीकरण

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केरल के त्रिपुनिथुरा स्थित गवर्नमेंट संस्कृत कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सभी प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, एबीवीपी ने छात्रसंघ की 12 सामान्य सीटों पर क्लीन स्वीप किया, जबकि कुछ रिपोर्टों में छह प्रमुख पदों पर कब्जे का उल्लेख है। यह कॉलेज लंबे समय से स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के प्रभाव वाला परिसर माना जाता रहा है। चुनाव परिणाम के बाद छात्रसंघ की कमान एबीवीपी के हाथ में आ गई है। अध्यक्ष पद पर स्निग्धा एम. हरि, उपाध्यक्ष पद पर आदित्य टी.ए. और महासचिव पद पर विग्नेश भट्ट निर्वाचित हुए। अन्य पदों पर भी एबीवीपी समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की।

यह परिणाम दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के कुछ दिन बाद आया है। डूसू के केंद्रीय पैनल की चार सीटों में से तीन पर एबीवीपी उम्मीदवार विजयी हुए थे, जबकि उपाध्यक्ष पद निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीता था। त्रिपुनिथुरा कॉलेज के परिणाम को केरल के छात्र राजनीति में महत्वपूर्ण चुनावी बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इसके व्यापक राजनीतिक प्रभाव का आकलन अलग-अलग दृष्टिकोणों से किया जा सकता है।

# चार राज्यों में विधान परिषद चुनाव, 23 अक्टूबर को मतदान

## उत्तर प्रदेश समेत चार राज्यों की 28 सीटों पर चुनाव

## 27 अक्टूबर को मतगणना, चुनाव क्षेत्रों में आचार संहिता लागू




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र में विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की 28 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मतदान 23 अक्टूबर 2026 को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को कराई जाएगी। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

आयोग के अनुसार चुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी होगी। उम्मीदवार छह अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। सात अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नौ अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

उत्तर प्रदेश में 11 सीटों पर चुनाव होना है। इनमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ और इलाहाबाद-झांसी की स्नातक सीटों के साथ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की छह सीटें शामिल हैं। बिहार में आठ सीटों पर चुनाव होगा, जबकि कर्नाटक की चार और महाराष्ट्र की पांच सीटों पर मतदान कराया जाएगा। इन सीटों का कार्यकाल नवंबर और दिसंबर 2026 में अलग-अलग तारीखों पर पूरा हो रहा है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी की जाएगी।

# जमुई में छेड़खानी कांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल






## पुलिस मुठभेड़ में नंदन यादव के पैर में गोली लगी

## अस्पताल में भर्ती अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के जमुई में नाबालिग छात्रा से कथित छेड़खानी और अभद्रता का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के दौरान जमुई-लखीसराय सीमा के पास कुंदर क्षेत्र में पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ होने की जानकारी सामने आई। इस दौरान मामले के मुख्य आरोपी बताए जा रहे नंदन यादव के बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल आरोपी को इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी नवीन कुमार भी अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार, टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान आरोपियों की ओर से गोली चलाए जाने की बात सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान हरेराम यादव के भी घायल होने की चर्चा है, लेकिन अधिकारियों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी से जुड़े तथ्यों को जुटाया जा रहा है।

नाबालिग छात्रा से कथित अभद्रता का वीडियो सोमवार को सामने आया था। इसके बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने सोमवार को तीन युवकों को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। मंगलवार को छापेमारी के दौरान मुठभेड़ की जानकारी सामने आई। पुलिस फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले में शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। नाबालिग से जुड़े मामले में पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# राज्यसभा की 11 सीटों पर 16 अक्टूबर को होगा मतदान

## उत्तर प्रदेश की दस सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी

## उत्तराखंड की एक सीट और बंगाल में उपचुनाव होगा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की 11 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की एक सीट पर 16 अक्टूबर को मतदान होगा। इसी दिन पश्चिम बंगाल की एक रिक्त राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव भी कराया जाएगा।

आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी। उम्मीदवार छह अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। सात अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नौ अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। इसके बाद शाम पांच बजे से मतगणना शुरू होगी। चुनाव प्रक्रिया 19 अक्टूबर तक पूरी कर ली जाएगी।

उत्तर प्रदेश की जिन 10 सीटों का कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो रहा है, उनमें आठ सीटें भाजपा, जबकि एक-एक सीट सपा और बसपा के पास है। उत्तराखंड से भाजपा के नरेश बंसल की सीट पर चुनाव होगा।

पश्चिम बंगाल में एक रिक्त सीट पर उपचुनाव होगा। आयोग के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की 11 सीटों के साथ बंगाल की यह सीट भी शामिल है।

## आगरा से घर लौटते समय हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

# पेड़ से टकराई कार, दो दोस्तों की मौत

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा–फतेहाबाद मार्ग पर टंकी चौराहे के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों युवक उसमें फंस गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ। निबोहरा थाना क्षेत्र के सलेमपुर धनगर गांव निवासी गजेंद्र (28) पुत्र अजब सिंह अपने दोस्त जोगेंद्र उर्फ जुगनू (32) पुत्र चरन सिंह के साथ कार से आगरा से घर लौट रहे थे। दोनों किसी काम से आगरा आए थे। टंकी चौराहे के पास पहुंचते ही कार अचानक अनियंत्रित हो गई। चालक ने वाहन को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों युवक उसमें फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देने के साथ उन्हें बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। डौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही दोनों युवकों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम छा गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार सामने आई है। चालक को नींद की झपकी आने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद स्पष्ट होगी।

# सील तोड़कर भवन संचालित करने पर साहब सिंह को सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते बिना स्वीकृत मानचित्र भवन निर्माण और सील तोड़कर उसका संचालन करने के मामले में अभियुक्त को न्यायालय ने सजा सुनाई है। न्यायालय ने अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा के साथ तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस के अनुसार, थाना सदर बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 250/2022 धारा 489 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए भवन का निर्माण कराया और मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण (मविविप्रा) द्वारा लगाई गई सील को तोड़कर भवन का संचालन किया।

### अभियुक्त पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

मामले में पुलिस ने गुणवत्ता पूर्ण विवेचना के साथ न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। मंगलवार को एसीजेएम/एसडी–01 न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त साहब सिंह निवासी सरपंच नगर, सरपंच की बगीची के सामने, औरंगाबाद रोड, थाना सदर बाजार, मथुरा को दोषी ठहराते हुए न्यायालय उठने तक की सजा और तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# 38 घंटे टावर पर बैठा बर्खास्त कर्मी, आश्वासन पर उतरा



**यूनिक समय, अलीगढ़।** नौकरी से बर्खास्त किए जाने से नाराज रोडवेज का संविदाकर्मी करीब 38 घंटे तक 40 फीट ऊंचे टावर पर बैठा रहा। सोमवार रात करीब 11 बजे अधिकारियों से बातचीत और मंगलवार सुबह ड्यूटी ज्वाइन कराने के भरोसे के बाद वह टावर से नीचे उतर आया।

बताया गया कि राजू सैनी ने 2022 में रोडवेज में संविदा पर चालक के रूप में नौकरी शुरू की थी। 2024 में स्टाफ से अभद्रता के आरोप में उसका तबादला किया गया। बाद में ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में उसे दूसरे डिपो भेजा गया। 2025 में उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। राजू का कहना है कि उसके खिलाफ गलत कार्रवाई हुई और वह निर्दोष है।

राजू के अनुसार उसकी पत्नी गंभीर बीमारी से जूझ रही है और परिवार की

### नौकरी बहाली की मांग को लेकर 40 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा था

### अधिकारियों से बातचीत के बाद रात में नीचे आया

जिम्मेदारी उसी पर है। नौकरी वापस लेने की मांग को लेकर वह कई बार अधिकारियों से मिल चुका था। रविवार सुबह वह टावर पर चढ़ गया था।

मौके पर पहुंचे पार्षद हरीश सैनी ने उसे समझाया और अधिकारियों से फोन पर बातचीत कराई। इसके बाद राजू नीचे उतर आया। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार उसे गार्ड पद पर रखने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है।

# मानदेय बढ़ाने को आशा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को सैकड़ों आशा एवं आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। दोपहर करीब दो बजे पहुंचीं कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। उनका कहना था कि गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सरकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाले मानदेय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने मानदेय बढ़ाने के साथ अन्य समस्याओं का जल्द

### सीएमओ कार्यालय पर नारेबाजी, समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

### 30 सितंबर को लखनऊ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की तैयारी

समाधान करने की मांग की। ऑल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति ने 30 सितंबर को लखनऊ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की तैयारी की है। समिति ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर निर्धारित स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अवैध कॉलोनी पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोजर

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन रोड स्थित जचौदा में बनाई जा रही अनधिकृत कॉलोनी पर मंगलवार को मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर कॉलोनी की बाउंड्रीवाल, गेट और सड़क को ध्वस्त कर दिया।

भवानी शंकर सेठ की ओर से करीब 20 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में यह कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम के तहत प्राधिकरण में वाद दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद 13 जुलाई को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद

### 20 हजार वर्गमीटर में बन रही कॉलोनी की दीवार, गेट और सड़क तोड़ी

कॉलोनी को नियमित कराने के लिए शमन आवेदन दिया गया। जांच में कुछ आपत्तियां सामने आईं।

प्राधिकरण ने इन आपत्तियों को दूर करने के लिए समय दिया, लेकिन निर्धारित समय में उनका निस्तारण नहीं किया गया। इसके बाद शमन आवेदन निरस्त कर दिया गया। मंगलवार को उपाध्यक्ष के निर्देशन में सचिव के नेतृत्व में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

## खेत की बाउंड्री तोड़ने पर फायरिंग, मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव थाना क्षेत्र के कंजौली घाट बांगर में जमीन की बाउंड्री तोड़ने का विरोध करने पर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अदालत के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राथमिकी के अनुसार, आगरा निवासी योगराज सिंह ने करीब आठ माह पहले कंजौली घाट बांगर में तीन बीघा जमीन का बैनामा कराया था। आरोप है कि मुरारीलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद, जगदीश और अन्य लोग जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। प्रशासन की मदद से जमीन पर सीमेंट की बाउंड्री कराई गई थी, जिसे 14 मार्च को आरोपियों ने तोड़ दिया। बाद में पुलिस की मौजूदगी में दोबारा बाउंड्री कराई गई।आरोप है कि 26 जुलाई को योगराज सिंह खेत पर पहुंचे तो आरोपी पक्ष के लोग आठ–दस अज्ञात व्यक्तियों के साथ जेसीबी से बाउंड्री तोड़ रहे थे। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से अवैध हथियारों से फायरिंग की गई। योगराज ने जमीन पर लेटकर जान बचाई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए।

# आधी रात घर में घुसे हमलावर, ताबड़तोड़ फायरिंग से मची सनसनी

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र के गांव कामर में आधी रात घर में घुसकर फायरिंग का मामला सामने आया है। स्कॉर्पियो सवार लोगों पर घर में घुसकर तीन–चार फायर करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। गोलियों की आवाज से गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने के बाद आरोपी वहां से चले गए। गांव कामर निवासी धर्मेंद्र पुत्र रमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19-20 सितंबर की रात करीब 1:45 बजे वह घर पर रामायण पाठ करा रहा था। इसी दौरान हरनेक सिंह, बलदेव, गुरुमुख, सुच्चा, रिंकू, छिंदा सहित अन्य लोग काले रंग की स्कॉर्पियो से उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धर्मेंद्र पर तीन–चार फायर किए।

फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तहरीर में कहा गया है कि ज्ञानेंद्र और रोहताश समेत ग्रामीणों ने धर्मेंद्र और उसके परिवार को हमलावरों के चंगुल से बचाया। आरोप है कि जाते समय हमलावर परिवार को भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने धर्मेंद्र की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 125, 109(1), 333 और 351(3) में मुकदमा दर्ज किया है।

# अस्पताल में कथित लिंग परीक्षण का खेल

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के इटौरा में बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल में कथित लिंग परीक्षण का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। हरियाणा के सोनीपत की गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) टीम ने सोमवार शाम संस्कार हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर पर छापा मारकर छह लोगों को पकड़ लिया। टीम ने मौके से चीन निर्मित वायरलेस पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन भी बरामद की है। कार्रवाई के दौरान सामने आया कि मशीन को टैबलेट या स्मार्टफोन से जोड़ा जा सकता था।



पीसीपीएनडीटी टीम ने कथित गिरोह तक पहुंचने के लिए सोनीपत की एक गर्भवती महिला को डिकॉय बनाया। महिला के माध्यम से गर्भस्थ शिशु का लिंग पता कराने के लिए आरोपियों से संपर्क किया गया। आरोप है कि गिरोह के सदस्य महिला को दिनभर अलग–अलग स्थानों पर लेकर घूमते रहे। शाम करीब पांच बजे उसे इटौरा स्थित संस्कार हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर लाया गया। टीम ने इसी दौरान अस्पताल में दबिश दे दी। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव के अनुसार, अस्पताल सैंया निवासी भानु प्रताप द्वारा संचालित किया जा रहा था। अस्पताल का पंजीकरण

### मोबाइल से जुड़ी है पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन

### हरियाणा की टीम ने डिकॉय गर्भवती महिला से खोला राज, छह लोग पकड़े

### डॉक्टर गायब, बाहर लगा था आईसीयू का बोर्ड

नहीं था। कार्रवाई में भानु प्रताप के अलावा ओम नारायण, मयंक शर्मा, जगवीर सिंह, मनीष कुशवाह, पवन कुशवाह और शंकर राणा को पकड़ा गया है। अधिकारियों के मुताबिक छापे के समय अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। बाहर आईसीयू सुविधा का बोर्ड लगा हुआ था। जांच में पता चला कि भवन करीब दो महीने पहले किराए पर लेकर अस्पताल शुरू किया गया था। अस्पताल तीन कमरों में संचालित हो रहा था। संचालकों की ओर से पंजीकरण के लिए आवेदन किए जाने की बात भी सामने आई है।

टीम द्वारा जब्त मशीन वायरलेस तकनीक पर काम करती है। इसमें लगे प्रोब को टैबलेट या मोबाइल से जोड़ा जा सकता है। अधिकारियों को आशंका है कि इसी पोर्टेबल तकनीक का इस्तेमाल कथित लिंग परीक्षण में किया जा रहा था। पकड़े गए लोगों से पूछताछ के साथ पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# मिट्टी कार्यों की खराब गुणवत्ता पर सीडीओ नाराज, गुणवत्ता जांच के निर्देश

**यूनिक समय, मथुरा।** सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने मंगलवार को विकासखंड बलदेव की ग्राम पंचायत सराय सालवान और कंजौली घाट में बीवीजी रामजी योजनांतर्गत कराए जा रहे मिट्टी कार्यों का औचक निरीक्षण किया। दोनों ग्राम पंचायतों में तीन–तीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्यों की गुणवत्ता खराब मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए।

सीडीओ ने उपायुक्त श्रम रोजगार विजय कुमार पांडेय को निर्देशित किया कि वे स्वयं समय–समय पर इन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की निगरानी करें। उन्होंने कार्यों में मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी बलदेव नेहा रावत, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता, ग्राम प्रधान-प्रशासक, ग्राम रोजगार सेवक और ग्रामीण मौजूद रहे।